राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 19 मई 2026

वर्ष 07, अंक 223, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

गौरीगंज में बिना मान्यता संचालित दो विद्यालयों पर कार्रवाई, कक्षाओं में ताला लगाकर कराया बंद...02

वाह रे केस्को : पूरी रात कटौती, दिन में लो वोल्टेज ने बच्चों, बुजुर्गों व लोगों को तड़पा दिया...11

## उमर-शरजिल को जमानत नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट अपने ही फैसले से खफा

● कहा- बेल नियम, जेल अपवाद

● बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साल 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें यूएपीए मामलों में जमानत दे सकती हैं. लेकिन उमर की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया गया था



सुप्रीम कोर्ट ने आज सोमवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत दिए जाने से इनकार करने वाले अपने ही पिछले फैसले पर सवाल उठा दिया. कोर्ट ने कहा कि यूएपीए मामलों में भी जमानत मिलने का नियम होना चाहिए जबकि जेल अपवाद होना चाहिए. देश की सबसे बड़ी अदालत ने यह टिप्पणी आरोपी सैय्यद इफ्तिखार अंदराबी को जमानत देते हुए की, जो नार्को-आतंकवाद मामले पर लंबे समय से जेल में बंद है.

सर्वोच्च अदालत ने सैय्यद अंदराबी को जमानत देने का फैसला देते हुए कहा कि यूएपीए मामलों में भी आरोपियों को जमानत दिए जाने का नियम होना चाहिए. इसी दौरान कोर्ट ने दिल्ली दंगों के मामले में कार्यकर्ता उमर खालिद को जमानत देने से इनकार करने वाले अपने ही पूर्व के फैसले पर गंभीर आपत्ति जताई. यही नहीं कोर्ट गुलफिशा फातिमा बनाम राज्य मामले में दिए गए फैसले पर भी नाराजगी जताई.

### उमर के मामले में कोर्ट ने ध्यान नहीं दिया: एससी

यह फैसला दिल्ली दंगों के आरोपियों की जमानत से संबंधित था. कई आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, जबकि कार्यकर्ता उमर और इमाम को अभी तक जमानत नहीं मिली. जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने केए नजीब मामले में सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसले का जिक्र किया. बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें यूएपीए मामलों में जमानत दे सकती हैं. लेकिन उमर की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया गया था

बेंच ने कहा कि जब कोई बड़ी बेंच फैसला सुना देती है, तो छोटी बेंच को उसे मानना ही पड़ेगा. आजकल ऐसा देखा जा रहा है कि छोटी बेंच सीधे-सीधे मना तो नहीं करतीं, लेकिन घुमा-फिराकर बड़े फैसले के असर को कमजोर कर देती हैं.

### फैसले पर कोर्ट का पुनर्विचार करने से भी इनकार

याद रहे कि इसी साल 4 जनवरी को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. साथ ही कोर्ट ने फैसले को पुनर्विचार करने से भी मना कर दिया था और कहा था कि दोनों आरोपी एक साल तक दिल्ली दंगे मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते हैं, यानी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल तक अपील करने पर रोक भी लगा दी थी.

दरअसल, उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद दिल्ली दंगों के आरोप में 5 साल 3 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं. इन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में उन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जमानत देने से इनकार किया गया था.

### 3 जजों की बेंच का फैसला नहीं माना गया: एससी

मौजूदा मामले में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने सैय्यद की अपील पर फैसला देते हुए उमर और इमाम को जमानत नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाया. सैय्यद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा दर्ज नार्को-आतंकवाद के मामले में जून 2020 से केस की प्रतीक्षा में जेल में बंद हैं.

टिप्पणियों में दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने गुलफिशा फातिमा मामले में दिए गए फैसले (जिसमें उमर और इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी) पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें केए नजीब मामले में 3 जजों की बेंच के फैसले का ठीक से पालन नहीं किया गया, जिसमें मुकदमे में लंबी देरी को जमानत का आधार माना गया था.

## नीट-यूज़ी 2026 पेपर लीक पर संसदीय समिति की बड़ी बैठक, एनटीए चेयरपर्सन 21 मई को तलब

● नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के विवाद के बीच, संसदीय स्थायी समिति एनटीए सुधारों और जांच की समीक्षा करेगी. समिति ने एनटीए अध्यक्ष और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को 21 मई को तलब किया है. बैठक में कथित पेपर लीक की प्रगति और के. राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर चर्चा होगी, जिसका उद्देश्य परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही बहाल करना है




नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और उसके बाद परीक्षा रद्द होने को लेकर चल रहे विवाद के बीच, एक पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में सुधारों को लागू करने और लीक के आरोपों की चल रही जांच की स्थिति की समीक्षा करने का फैसला किया है. शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एनटीए चेयरपर्सन अभिषेक कुमार सिंह और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को 21 मई को तलब किया है

बैठक में नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले और परीक्षा सुधारों की समीक्षा जाएगी. समिति 3 मई 2026 को रद्द हुई नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक की जांच की प्रगति पर चर्चा करेगी

शिक्षा मंत्रालय और एनटीए द्वारा के राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू करने की स्थिति पर भी मंथन होगा. बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह करेंगे.

### नीट-यूजी पेपर लीक विवाद के बाद यह बैठक अहम

उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी समेत शिक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारियों को भी पेश होना होगा. संसदीय समिति का फोकस एनटीए में सुधार, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और जवाबदेही पर समीक्षा करेगी. नीट-यूजी पेपर लीक विवाद के बाद यह बैठक परीक्षा व्यवस्था में भरोसा बहाल करने के लिहाज से अहम है.

एनटीए ने गड़बड़ियों के आरोपों के बीच 3 मई को हुई नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस एग्जाम (अंडरग्रेजुएट) रद्द कर दी थी. देश भर में एनटीए द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए लगभग 23 लाख उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था. एनटीए के अनुसार, कथित गड़बड़ी के बारे में जानकारी परीक्षा आयोजित होने के चार दिन बाद 7 मई की शाम को मिली थी.

### 21 जून को फिर से होगी नीट की परीक्षा

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को घोषणा की कि नीट-यूजी पुनः परीक्षा 21 जून को होगी. उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा अगले साल से कंप्यूटर आधारित होगी.

शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल पर संसदीय स्थायी समिति 21 मई को एनटीए के कथित पेपर लीक और सुधारों पर शीर्ष शिक्षा मंत्रालय के नौकरशाहों के विचार मांगेगी, जो विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में केंद्रीकृत प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है.

### नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद बढ़ी सख्ती

नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 23 लाख उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। लेकिन परीक्षा के बाद पेपर लीक और गड़बड़ी के आरोप सामने आए, जिसके बाद ह्रूा ने परीक्षा रद्द कर दी। NTA के अनुसार, परीक्षा आयोजित होने के चार दिन बाद यानी 7 मई की शाम को कथित अनियमितताओं की जानकारी मिली थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### घुसिया प्रधान पर सरकारी तालाब से अवैध मिट्टी खनन कराने का आरोप



#### ग्रामीण ने एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की

**कोंच(जालौन)**- ग्राम घुसिया स्थित सरकारी तालाब में जेसीबी मशीनों से दिन-रात अवैध मिट्टी खनन होने को लेकर ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीण ने ग्राम प्रधान पर मिट्टी खनन कराए जाने का आरोप लगाया है। विकास खंड कोंच के ग्राम घुसिया निवासी प्रदुम्न पटैरया पुत्र राजकुमार ने सोमवार को एसडीएम हेमंत कुमार पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित सरकारी तालाब में जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर तालाब का अस्तित्व मिटाया जा रहा है। सूपा की मदद से ट्रेक्टर ट्रॉलियों में भरकर मिट्टी बेची जा रही है जिससे सरकारी राजस्व को क्षति पहुंच रही है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम को बताया कि अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने एसडीएम से जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### स्कूलों की छुट्टी घोषित, जबरदस्त हीट वेव के चलते आगरा प्रशासन ने लिया फैसला, सभी बोर्ड पर लागू होगा निर्णय

**आगरा।** एक ही दिन में मौसम में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। तापमान में बड़ा उछाल आने के चलते सोमवार को दिनभर हीट वेब रही। दोपहर 12 बजे के बाद ही हालत खराब होने लगी थी। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी हीट वेब का अलर्ट जारी किया है। सोमवार शाम सात बजे के करीब सभी मोबाइल फोन यूजर्स के पास अलार्म बज गया था। एहितयात के तौर पर प्रशासन ने भी इंतजाम किए हैं। नगर निगम ने सड़कों पर छिड़काव शुरू करा दिया है। वहीं मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी हीट वेव और अत्यधिक तापमान की चेतावनी को देखते हुए आगरा में जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। डीएम मनीष बंसल के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने कक्षा नर्सरी से 12वीं तक सभी स्कूलों में 19 मई का अवकाश घोषित कर दिया है। यह आदेश जिले के सभी बोर्डों के सरकारी, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा।

## नहीं है दुकान, पर महीने में बेचते है लाखों का सामान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** न दुकान है और न सामान, लेकिन वह लाखों का भुगतान लेते हैं। ग्राम पंचायतों में सामान आपूर्ति के नाम पर यह खेल फर्मे कर रही है। वह गिट्टी से लेकर मोरंग तक, आरसीसी बेंच से लेकर इंटरलॉकिंग ईट तक की आपूर्ति करते हैं। जिले के कई सचिव अपने परिजनों, रिस्तेदारों एवं चहेतों के नाम पर फर्म बनाकर लाखों का भुगतान लेते हैं। ग्राम पंचायतों से भुगतान लेने में फर्मों द्वारा लाखों की जीएसटी चोरी की जा रही है। नौगढ़ ब्लाक के कई ग्राम पंचायतों में विभिन्न सामानों की आपूर्ति के नाम पर बिना सामान की सप्लाई दिए ही लाखों का भुगतान किया है। सिद्धार्थनगर जिले के नौगढ़ और शोहरतगढ़ विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के कथित वित्तीय घोटाले की जांच शुरू हो गई है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर पांच ग्राम पंचायतों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समितियां गठित की गई हैं।

नौगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत सेमरियांव, हरदासपुर और रसूलपुर की जांच महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को सौंपी गई है। वहीं रामगढ़ और रामपुर पंचायत की जांच अधिशासी अभियंता नलकूप खंड करेंगे। इन समितियों में संबंधित बीडीओ और एडीओ पंचायत को भी शामिल किया गया है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक फर्जी बिल-वाउचर, कागजों पर कार्य दिखाकर भुगतान और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं।शिकायत में स्ट्रीट लाइट, डस्टबिन, आरसीसी बेंच, ईट सप्लाई और साफ-सफाई कार्यों के लिए खरीद की गई सामग्री में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप है। आरोप है कि स्ट्रीट लाइट की खरीदारी में बाजार दर से अधिक का भुगतान दिखाया गया, जबकि कई जगह एक ही कार्य को बार-बार दिखाकर भुगतान लेने और मौके पर कार्य नहीं कराया गया है। आरोप है कि इन फर्मों ने नौगढ़, शोहरतगढ़, बढ़नी और उसका बाजार समेत कई विकास खंडों में बिना भारी मात्रा में सामग्री सप्लाई की। फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए के भुगतान और पंचायत स्तर पर संगठित तरीके से सरकारी धन निकासी के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच केवल कागजों तक सीमित न रहे। मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए, भुगतान और बिलों की तकनीकी जांच हो तथा संबंधित फर्मों के बैंकिंग और जीएसटी लेनदेन की भी पड़ताल।

## अलीगढ़ साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति को दिलाए दो लाख रुपये वापस

**अलीगढ़।** साइबर ठगों द्वारा फर्जी व्यापारी बनकर की गई ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर सेल अलीगढ़ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की पूरी धनराशि वापस करा दी। साइबर सेल की सक्रियता से शिकायतकर्ता के खाते में 2,04,750 रुपये शत-प्रतिशत वापस करा दिए गए। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता के साथ 16 अप्रैल 2026 को फर्जी व्यापारी बनकर साइबर ठगी की घटना हुई थी। ठगों ने उसके खाते से 2,04,750 रुपये निकाल लिए थे। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल अलीगढ़ की टीम ने मामले की जांच शुरू की। टीम ने संबंधित बैंक, पेमेंट गेटवे और मर्चेंट से तत्काल संपर्क कर फ्रॉड की गई धनराशि को फ्रीज कराया। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद सोमवार को पीड़ित के खाते में पूरी धनराशि वापस करा दी गई। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा एवं उपनिरीक्षक राहुल चौधरी की प्रमुख भूमिका रही।

## रुपईडीह ब्लॉक के 106 ग्रा0 पं0 में ह्यूम पाइप जांच कछुआ गति से, देवरिया कला में कार्रवाई के बाद हलचल तेज




● 134 मीटर अधिक भुगतान मिलने पर प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज, जिलाधिकारी ने समिति गठन के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुपईडीह गोंडा।** ब्लॉक के 106 ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप खरीद के नाम पर हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच डेढ़ वर्ष बाद भी अधूरी पड़ी हुई है। शिकायतों और समाचार प्रकाशन के बाद जांच के आदेश तो दिए गए, लेकिन अब तक अधिकांश मामलों में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी है। जांच की धीमी रफ्तार और फाइलों के धूल फांकने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी बीच में वित्तीय अनियमितता पाए जाने के बाद प्रशासनिक कार्रवाई होने से पूरे मामले ने फिर तूल पकड़ लिया है।के निर्देश के बाद देवरिया कला ग्राम पंचायत में ह्यूम पाइप के संबंध में 134 मीटर अधिक भुगतान निकाले जाने का मामला सामने आया। जांच में अनियमितता की पुष्टि होने पर ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए हैं। साथ ही खंड विकास अधिकारी को समिति गठित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्राम पंचायत के विकास कार्य प्रभावित न होने पाएं।बताया जा रहा है कि शिकायतों के बाद कराई गई जांच में अभिलेखों और स्थलीय सत्यापन के दौरान भुगतान और वास्तविक कार्य में अंतर पाया गया।

आरोप है कि निर्धारित मात्रा से अधिक ह्यूम पाइप दर्शाकर भुगतान निकाल लिया गया था। इसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की।हालांकि सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि डेढ़ वर्ष पहले जांच शुरू होने के बावजूद अब तक केवल एक ग्राम पंचायत में ही कार्रवाई क्यों हुई, जबकि पूरे विकासखंड की 106 ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप खरीद और भुगतान को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार कई ग्राम पंचायतों में अभिलेखों में ही ह्यूम पाइप खरीद दर्शाकर भुगतान कर लिया गया। कहीं एक ही पाइप को अलग-अलग स्थानों पर दिखाया गया तो कहीं मजदूरी और परिवहन के नाम पर फर्जी भुगतान निकालने के आरोप हैं।

जांच के दायरे में पिपरा चौबे, कुरासी, फत्तेगढ़, भरियालाबेदपुर, तेदुवा चौखड़िया, पुरैनिया, अनेगी, परना बगुलहा और बल्हीजोत समेत दर्जनों ग्राम पंचायतें बताई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष और व्यापक जांच कराई जाए तो करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हो सकता है।इस पूरे मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि जांच प्रक्रिया के तहत चल रही है और जांच पूरी होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं अपर जिला पंचायत राज अधिकारी स्तर से भी मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

### जनपद गोंडा के 16 विकास खंडों की 1192 ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप खरीद और उससे जुड़े भुगतान को लेकर गंभीर सवाल

अब यह मामला केवल रूपईडीह ब्लॉक तक सीमित नहीं माना जा रहा। जनपद गोंडा के 16 विकास खंडों की 1192 ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप खरीद और उससे जुड़े भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप हैं कि कई ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप, मजदूरी और निर्माण कार्यों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया, लेकिन धरातल पर कार्य नगण्य दिखाई दे रहा है।देवरिया कला में हुई कार्रवाई के बाद अब लोगों की निगाहें अन्य ग्राम पंचायतों की जांच पर टिक गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रत्येक ग्राम पंचायत की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ह्यूम पाइप घोटाले की परत-दर-परत खुल सकती है। अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या विभागीय अधिकारी जनपद की सभी 1192 ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप खरीद और भुगतान की व्यापक जांच करा पाएंगे, या फिर अधिकांश मामले सरकारी फाइलों में ही दबकर रह जाएंगे।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे किनारे लगी भीषण आग, आधे घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**फतेहाबाद (आगरा)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक्सप्रेसवे के किनारे अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने सूखी घास और झाड़ियों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इससे आसपास के क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 22 के पास की है। सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी राधामोहन द्विवेदी फायर ब्रिगेड टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के दौरान एक्सप्रेसवे से गुजर रहे वाहन चालकों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल रहा। हालांकि पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए यातायात प्रभावित नहीं होने दिया। आशंका है कि सूखी घास में किसी चिंगारी के कारण आग लगी होगी। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## बरसात से पूर्व बघेला नाला ने बढ़ाई दर्जनों गांवों के किसानों की चिंता

● कागजों में सिमटा बघेला नाले का सर्वे, बरसात से पहले किसानों पर मंडरा रहा तबाही का खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा से होकर भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने वाले बघेला नाला की समय रहते साफ-सफाई और चौड़ीकरण न होने से सीमावर्ती इलाकों में एक बार फिर तबाही का मंजर दिखने लगा है। बरसात का मौसम बिल्कुल करीब आ चुका है जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को बघेला नाला में आने वाली सालाना बाढ़ की चिंता अभी से सताने लगी है। नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों से निकलने वाला यह विनाशकारी नाला भारतीय सीमा के रेहरा गांव के समीप प्रवेश करता है और इसके बाद सीमावर्ती गांव रेहरा से करौता दोमुहान घाट तक लगभग 29 किलोमीटर के दायरे में भारी तांडव मचाते हुए किसानों की गाढ़ी कमाई को मटियामेट कर देता है। वर्तमान में स्थिति यह है कि देखरेख के अभाव में यह नाला जगह-जगह जंगली झाड़-झंखाड़, सिल्ट और मिट्टी से पूरी तरह पट चुका है, जिसके कारण इसका जलमार्ग बेहद संकरा हो गया है। उफान आने पर नाले का पानी आगे बढ़ने के बजाय सीधे किसानों के खेतों में फैल जाता है और सैकड़ों एकड़ में लहलहा रही धान की फसल को जलमग्न कर पूरी तरह बर्बाद कर देता है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर सिंचाई विभाग का रवैया हमेशा से उदासीन रहा है। विभाग के जिम्मेदारों द्वारा अब तक अनगिनत बार आधुनिक ड्रोन कैमरों और लेवल मशीनों के जरिए इस नाले की साफ-सफाई व चौड़ीकरण के लिए सर्वे कराया जा चुका है, लेकिन हर बार अधिकारियों की यह कवायद केवल कागजी खानापूर्ति और फाइलों तक ही सिमट कर रह जाती है। आज तक धरातल पर कोई भी ठोस काम शुरू नहीं हो सका है, जिसके चलते इस नाले से प्रभावित होने वाले रेहरा, महुलानी, बेलभार, मनिकौरा, परसा, सेखुआनी, शंकरपुर, शिवपुरी, ब्रह्मस्थान, लुठहवा, विषखोप, लक्ष्मीपुर, परसाभरटोलिया, जिगिना, श्रीरामपुर, गंगापुर, गंगवलिया, करौता, चुड़िहारी, बरनहवा, मनिकापुर, चकदह और शाहपुर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। क्षेत्र के पीड़ित किसान जयकिशुन यादव, महबूब अली, गतिराम साहनी, रामबेलास यादव, जयप्रकाश सिंह, शमशाद खान, गिरजेश यादव, संदीप मद्धेशिया, प्रदीप यादव, विवेक मद्धेशिया, रामसिंह, विजय, शिवेन्द्र यादव, गया, रामबचन यादव, रामप्रसाद, त्रिलोकी यादव और चन्द्र केश सहित दर्जनों लोगों ने अपना रोष और दर्द बयां करते हुए कहा कि खेती ही उनकी आजीविका और परिवार के भरण-



पोषण का एकमात्र जरिया है। यदि सिंचाई विभाग द्वारा तत्काल इस नाले की गाद निकालकर इसका चौड़ीकरण करा दिया जाए तो बाढ़ का पानी बिना किसी रुकावट के आसानी से नीचे की तरफ बह जाएगा और फसलों को कोई नुकसान नहीं होगा। किसानों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि महंगाई के इस दौर में यदि इस साल भी उनकी धान की फसल बाढ़ की भेंट चढ़ गई तो क्षेत्र का अन्नदाता पूरी तरह आर्थिक रूप से टूट जाएगा और उनके सामने भुखमरी के कगार पर पहुंचने की नौबत आ जाएगी। क्षेत्र के समस्त जागरूक नागरिकों और किसानों ने जिला प्रशासन समेत सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि बरसात का पानी आने से पहले युद्धस्तर पर बघेला नाला की सफाई और गहरीकरण का कार्य धरातल पर शुरू कराया जाए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र के किसानों को इस भीषण सालाना त्रासदी से स्थाई रूप से बचाया जा सके।

# 40 लाख के महाव नाला घोटाला मामले में 14 साल से दबी फाइल खुलेगी

**● पूर्व ब्लाक प्रमुख भोली देवी सहित नामजद आरोपियों की बढ़ेगी मुश्किलें**

**महराजगंज/नौतनवां।** वित्तीय वर्ष 2011-12 में महाव नाले की सफाई के नाम पर हुए 40 लाख के घोटाले की फाइल 14 साल बाद फिर खुलने जा रही है। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय की एंट्री के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। इससे पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोली देवी और उनके साथ नामजद सात आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। **क्या है पूरा मामला** महाव नाले की सफाई के लिए 2011-12 में 40 लाख रुपये रिलीज किए गए थे। जांच में सामने आया कि पूरी राशि में फर्जी बिल लगाकर गबन कर लिया गया। **2012 में ही दर्ज हो गया था मुकदमा** जांच रिपोर्ट के बाद तत्कालीन सीडीओ डॉ. वेदपति मिश्र ने परियोजना निदेशक डीआरडीए भानु प्रताप सिंह को मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया था। भानु प्रताप सिंह ने 2012 में नौतनवां थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। वही इस केस के वादी हैं।

**नामजद सात आरोपी**

1. भोली देवी - तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख, नौतनवां
2. तारा देवी - पूर्व बीडीओ
3. रामअवध- पूर्व एडीओ पंचायत
4. शेषनाथ मिश्र - पूर्व लेखाकार
5. संतराम - लेखाकार
6. ईश्वर शरण लाल - जेई आरईएस
7. संतोष कुमार गुप्त - ग्राम विकास अधिकारी

**सूत्रों के मुताबिक** इस घोटाले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोली देवी के ससुर प्रहलाद प्रसाद की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। **14 साल से क्यों रुकी कार्रवाई** सीडीओ ने मुकदमे के साथ ही तीन अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया था। लेकिन न निलंबन हुआ और न विवेचना आगे बढ़ी। तत्कालीन डीएम सच्चिदानंद दुबे ने फाइल पर विधिक राय मांगकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया था। **नरसिंह पाण्डेय ने कहा** '2012 में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी 14 साल से कार्रवाई ठप है। अब इसकी उच्च स्तरीय जांच कराएंगे। दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा। नौतनवां थाने में दर्ज मुकदमे की दबी पत्रावली खुलवाएंगे और घोटाले में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई कराएंगे।' 14 साल से ठप पड़ी विवेचना के दोबारा शुरू होने से सभी नामजद आरोपियों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

# गौरीगंज में बिना मान्यता संचालित दो विद्यालयों पर कार्रवाई, कक्षाओं में ताला लगाकर कराया बंद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** शासन के निर्देशों के क्रम में विकास खंड गौरीगंज क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह एवं नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से दो शिक्षण संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों संस्थान बिना मान्यता संचालित पाए जाने पर उन्हें बंद कराते हुए कक्षा-कक्षों में ताला लगवा दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि जीपीएल पब्लिक स्कूल, धारूपुर, विकास खंड गौरीगंज की जांच के दौरान विद्यालय बिना मान्यता संचालित पाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में यूकेजी से कक्षा 08 तक कुल 59 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। जांच के दौरान ग्राम पूरे सरनाम, असुरा के कुल 08 छात्र-छात्राएं उपस्थित पाए गए।

बच्चों के शैक्षिक हित को देखते हुए संबंधित विद्यार्थियों का आयु संगत कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं कंपोजिट विद्यालय धारूपुर के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया। विद्यालय बंद कराते समय प्रशांत कुमार त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं रविकांत त्रिपाठी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय धारूपुर मौजूद रहे। विद्यालय संचालक को भविष्य में बिना मान्यता विद्यालय संचालन न करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में मदरसा सैय्यदना इमाम हसन, इस्लाम नगर, असुरा का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मदरसा बिना मान्यता संचालित पाया गया। मदरसा में एलकेजी से कक्षा 09 तक कुल 183 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिलीं। मदरसा के प्रधानाध्यापक मो0 अन्सार द्वारा बताया गया कि संस्था का पंजीकरण रजिस्ट्रार कार्यालय में है, लेकिन मदरसा की मान्यता अभी प्राप्त नहीं हुई है।

विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए बच्चों का नामांकन आयु संगत कक्षाओं में प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं कंपोजिट विद्यालय धारूपुर में कराने हेतु निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज ने बताया कि जांच के उपरांत दोनों अमान्य संस्थानों के कक्षा-कक्षों में ताला लगवाकर उन्हें बंद करा दिया गया है। साथ ही संबंधित संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में बिना मान्यता किसी भी विद्यालय अथवा मदरसे का संचालन न किया जाए।

# कटेहरी सीएचसी में डॉक्टर की लेटलतीफी से मरीज बेहाल







**● सुबह 8 बजे खुलने वाले अस्पताल में 10:30 बजे तक नहीं पहुंचे चिकित्सक, लंबी लाइन में इंतजार करते रहे मरीज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अंबेडकर नगर।** कटेहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटेहरी में डॉक्टरों की लेटलतीफी से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को अस्पताल का निर्धारित समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होने के बावजूद समय सारणी के अनुसार चिकित्सक डॉ. एपी सिंह सुबह 10:30 बजे तक अस्पताल नहीं पहुंचे, जिससे इलाज कराने आए मरीज घंटों लाइन में खड़े इंतजार करते रहे। सुबह से ही अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतार लगी रही। कई मरीज दूर-दराज गांवों से इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर के समय से न आने के कारण उन्हें निराशा हाथ लगी। इंतजार कर रहे लोगों में नाराजगी साफ दिखाई दी।

मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। अस्पताल में डॉक्टरों की लेटलतीफी की शिकायतें पहले भी कई बार सामने आ चुकी हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों का आरोप है कि नियमित रूप से डॉक्टर देर से पहुंचते हैं, जिससे मरीजों को घंटों परेशान होना पड़ता है। मामले को लेकर जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इससे पहले भी इस संबंध में शिकायतें मिल चुकी हैं। सीएमओ ने आश्वासन दिया कि डॉक्टर से बात कर स्थिति में सुधार कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पतालों में समय से चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# संक्षिप्त खबरें

## शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन की मांग तेज

**एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**मानदेय भुगतान में देरी और स्थानांतरण प्रक्रिया लंबित होने पर जताई नाराजगी, शीघ्र कार्रवाई की मांग**

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक कंपनी बाग में जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तदोपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी सत्यप्रकाश को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा मित्रों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। बताया गया कि शासन द्वारा बेसिक शिक्षा निदेशक लखनऊ के आदेश के क्रम में 12 दिसंबर 2025 को शिक्षा मित्रों के स्थानांतरण एवं समायोजन के लिए शासनादेश जारी किया गया था, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। संगठन ने बताया कि महिला शिक्षा मित्रों से उनके ससुराल के नजदीक तथा अन्य शिक्षा मित्रों से उनके मूल विद्यालय में स्थानांतरण के लिए आवेदन मांगे गए थे, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से, जो स्थानांतरण समायोजन समिति के अध्यक्ष भी हैं, इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। इसके साथ ही शिक्षा मित्रों ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत शिक्षामित्रों को समय पर मानदेय न मिलने की समस्या भी उठाई। संगठन का आरोप है कि संबंधित विभागीय स्तर पर लापरवाही के कारण मानदेय भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे शिक्षामित्र आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस, सुदामा प्रसाद दुबे, बृजेश टोटे, अशोक परिहार, कुलदीप गोस्वामी, अंशू टोटे, मनु शर्मा, हाकिम पाल, राजेश विश्वकर्मा, रामकिशन, रामविलास निरंजन, दीपक तिवारी, राम नरेश दुबे, हरिओम सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## नवागत एडीएम दिनेश कुमार ने संभाला कार्यभार, बताई प्राथमिकताएं

**जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण होगा पहली प्राथमिकता**

**ललितपुर।** नवागत एडीएम (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिले के प्रशासनिक कार्यों और जनहित से जुड़ी अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी दिनेश कुमार ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत बताया कि प्रशासनिक सेवा के दौरान उन्हें विभिन्न जनपदों एवं महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व वह अयोध्या, बस्ती और कुशीनगर में उप जिलाधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा हापुड़ विकास प्राधिकरण में भी उन्होंने कार्य किया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह नोएडा, आगरा और जालौन में सिटी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत रहे। हाल ही में गाजीपुर में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) पद से स्थानांतरित होकर उन्होंने ललितपुर में नई जिम्मेदारी संभाली है। दिनेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2001 से 2014 तक उन्होंने लखनऊ सचिवालय में भी अपनी सेवाएं दी हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। साथ ही राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही और बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित में कार्य किया जाएगा।

# शिवरतनगंज पुलिस ने 7 वारंटी किए गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शिवरतनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित कुल 7 वारंटियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले भर में वांछित एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में 18 मई को थाना शिवरतनगंज पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुकदमों से संबंधित वारंटियों को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार वाद संख्या 282/19 से संबंधित इस्तियाक पुत्र इस्तिखार एवं अफजल पुत्र इस्तिखार निवासी ग्राम गढ़ी मोहक्कम मजरे सातनपुरवा को गिरफ्तार किया गया। वहीं एसटी संख्या 1724/12 से जुड़े बटाली पुत्र शीतला प्रसाद, राजकुमार पुत्र बटाली तथा सुखराम पुत्र बटाली निवासी ग्राम बखत का पुरवा मजरे लौली को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा वाद संख्या 1717/16 से संबंधित राम केवल पुत्र राम हर्ष एवं अभिषेक पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम जगतपुर को भी गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।इस अभियान को सफल बनाने में थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र ,उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल आलेन्द्र कुमार सहित कांस्टेबल अनुराग सिंह यादव, आदर्श सिंह एवं मोहित की अहम भूमिका रही।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला गंभीर रुप से घायल, बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर

**गोपीगंज।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी-प्रयागराज रेल खंड पर स्थित ज्ञानपुर रोड स्टेशन के पूर्वी छोर पर रजईपुर के पास सोमवार सुबह गोदिया बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 32 वर्षीय अज्ञात महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आरपीएफ पोस्ट प्रयागराज रामबाग के अनुसार, सुबह 5:42 बजे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि गाड़ी संख्या 15232 के लोको पायलट ने किलोमीटर संख्या 265/6 पर महिला के घायल होने की जानकारी दी। सूचना पर आरपीएफ, स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल महिला अपना नाम-पता केवल 'सिवान' बता पा रही थी। पुलिस के अनुसार वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रही थी। महिला का बायां हाथ का पंजा कट गया था और सिर में गंभीर चोट थी।प्राथमिक उपचार के लिए उसे सीएचसी गोपीगंज ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बीएचयू ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। महिला को कांस्टेबल सचिन और महिला कांस्टेबल नेहा कुमारी की निगरानी में वाराणसी भेजा गया है। पुलिस उसकी पहचान कराने में जुटी है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डीएम एसपी की अध्यक्षता में हुई आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**अमेठी।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान व एसपी अमेठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रोड पैच सुधार, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए, बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई, टोल प्लाजा पर कांटा, क्रेन, कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता, तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था, संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चालान एवं जुर्माना की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए, साथ ही जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, बीएसएम संजय तिवारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लिटिल फ्लावर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव 2026

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**हरैया चन्द्रसी, बलरामपुर।** लिटिल फ्लावर स्कूल हरैया चन्द्रसी में वार्षिक उत्सव 2026 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रबंधक गिरिजेश कुमार पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य गिरीश कुमार पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' एवं ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी राजेन्द्र ओझा, कामेश्वर प्रसाद मिश्रा, उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अरुण देव पाठक, रमेश कुमार यादव, सतीश चन्द्र मिश्र, अजय शुक्ला, विनय पाठक, रामपाल यादव, संजय तिवारी एवं हरीराम प्रजापति प्रधान बब्लू चतुर्वेदी, अमित तिवारी, सुरेश पाठक आदि मौजूद रहे।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन ने सभी अतिथियों को प्रभावित किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय था जब इस तरह के भव्य वार्षिक उत्सव और आधुनिक शैक्षिक कार्यक्रम केवल बड़े-बड़े शहरों के विद्यालयों में ही देखने को मिलते थे, लेकिन आज गांवों के बच्चे भी अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों का यह बढ़ता स्तर समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि सही शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन मिलने पर गांव के बच्चे भी हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बच्चों को पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सपा कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा, पांच सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**देवरिया।** सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान सपा कार्यालय से बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता जुलूस के रूप में नगर भ्रमण करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, देश में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण तथा जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

कार्यकर्ताओं एवं प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में देश एवं प्रदेश की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है तथा सरकार लगभग हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विदेश नीति के कारण देश ऊर्जा संकट एवं महंगाई की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पर्याप्त तेल भंडारण के दावे किए गए, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोलियम एवं गैस के दाम बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में परीक्षाओं की पवित्रता एवं पारदर्शिता प्रभावित हुई है तथा नीट पेपर लीक प्रकरण इसका उदाहरण है, जिससे लाखों छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों, छात्रों, युवाओं एवं व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी और लोकतांत्रिक तरीके से जनहित की लड़ाई जारी रखेगी। ज्ञापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुभाष चन्द श्रीवास्तव, अनुग्रह नारायण सिंह , स्वामीनाथ यादव, शहादत हुसैन अंसारी, अजय प्रताप सिंह, मनीष सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, परवेज आलम, ओ.पी. यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में प्रशासक की नियुक्ति होने की आशंका पर प्रधान विचलित, दिया ज्ञापन

कोंच( जालौन- निर्धारित समय पर पंचायत चुनाव न हो पाने के बीच ग्राम पंचायतों में प्रशासक की नियुक्ति होने की तमाम आशंकाओं के चलते प्रधानों में इसकी बैचेनी अब नजर आने लगी है। प्रशासक व्यवस्था लागू होने की संभावना को देखते हुए ग्राम प्रधान अब इस व्यवस्था को पंचायतों की स्वायत्तता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताने लगे हैं। इसी मामले को लेकर ग्राम प्रधानों ने सोमवार को सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीओ को सौंपा है। नदीगांव विकास खंड क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधानों ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीओ शीलनिधि शुक्ला को देकर कहा कि प्रदेश में यदि पंचायत चुनाव किन्हीं कारणों से निर्धारित समय पर नहीं हो पाते हैं तो वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए जिससे पंचायतों के अधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रह सके। प्रधानों ने कहा कि पूर्व में प्रशासक व्यवस्था लागू होने पर पंचायतों में अनेक समस्याएं उत्पन्न हुई थी। इस व्यवस्था से पंचायतों की स्वायत्तता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है। इस दौरान प्रधान रूक्मणी कुशवाहा, साधना, उमा, राजीव, शशि देवी, बृजलाल, श्यामू कुशवाहा, मुलायम सिंह, देवीदीन, श्याम सुंदर, विनोद कुमार, आनंद कुमार, लालता प्रसाद, रवि कुमार, विश्वनाथ, दीपक रजक, प्रदीप कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच बुलियन और सोने की अनावश्यक खरीद से बचने की अपील, डीएम ने सर्राफा व्यापारियों संग की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले में वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और वैश्विक आर्थिक उतार-चढ़ाव को देखते हुए भारत सरकार द्वारा नागरिकों से बुलियन और सोने की अनावश्यक खरीदारी से बचने की अपील के क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने की, जिसमें संबंधित अधिकारियों, व्यापार मंडल और सर्राफा व्यापारियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात का असर विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था और बाजार व्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसे समय में केंद्र सरकार ने आमजन से संयमित व्यवहार अपनाने और अनावश्यक रूप से सोना एवं बुलियन खरीदने से बचने की अपील की है, ताकि बाजार पर अतिरिक्त दबाव न पड़े और आर्थिक संतुलन बना रहे।जिलाधिकारी ने सर्राफा व्यापारियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और भरोसा दिलाया कि उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कोविड काल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में समाज के हर वर्ग के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। उस दौरान व्यापार जगत भी प्रभावित हुआ था, लेकिन सर्राफा कारोबार से जुड़े लोगों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने वैक्सीनेशन, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संभाला था।टैरिफ नीति 2025 का जिक्र करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कठिन समय स्थायी नहीं होता और परिस्थितियां बदलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से जारी गाइडलाइन और अपील का जिम्मेदार नागरिक के रूप में पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विदेशी मुद्रा भंडार में हो रहे उतार-चढ़ाव पर भी विस्तार से चर्चा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्वर्ण कारोबारियों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी किसी अन्य व्यवसाय में भी हाथ आजमाना चाहते हैं तो इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को नोट कर लिया गया है और शासन की अपील का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बस्ती जिले का सहयोग हमेशा सकारात्मक रहा है। आर्थिक मंदी जैसे हालात में सभी को संयम और तैयारी के साथ आगे बढ़ना होगा। बैठक के दौरान सर्राफा व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं भी प्रशासन के सामने रखीं। इस पर पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि पुलिस विभाग सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और संबंधित चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, उपायुक्त वाणिज्यकर प्रभाकर सरोज, उपायुक्त प्रशासन राज्यकर उपेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष सर्राफा कुन्दन वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार संगठन जगदीश अग्रहरि, विश्वनाथ वर्मा सहित अन्य व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एक साल खरीद नही हुई तो बरबाद हो जायेंगे हम- सर्राफा व्यवसायी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील से सर्राफा व्यवसाय पर संकट आ गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने जनपद के स्वर्ण व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और हर स्तर पर वर्तमान में उत्पन्न स्थिति को लेकर सहयोग का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष कुन्दन वर्मा ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित 9 सूत्रीय निवेदन पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष कुन्दन वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक साल तक सोने का जेवर न खरीदने की अपील के साथ स्वर्णकारों का संकट और बढ गया है। इससे पहले से ही मंदी के दौर में चल रहा व्यापार और कठिन हो जाएगा पूरे देश के अगभग 3.5 करोड़ लोग जो इस व्यवसाय से जुड़े है (ज्वेलर्स, कारीगर, श्रमिक परिवार) का जीवन यापन का संकट का विषय है।

इससे सर्वाधिक नुकसान मध्यम व छोटे व्यवसायियो का है जो इस इन्डस्ट्री का लगभग 90: है,10:, में ब्राण्डेड व बड़े ज्वेलर्स की संख्या है यह इन्डन्ट्री कुटीर उद्योग के रूप में देश भर में गाँव गली नुक्कड़ तक फैला है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री वास्तविकता को समझते हुये समस्या का समाधान करायें। प्रधानमंत्री को सम्बोधित 9 सूत्रीय निवेदन पत्र में कहा गया है कि व्यापार घाटे कारण फारेन रिर्जव में कमी होती है उर्जा जरूरतों के साथ-साथ, बांडेड कपड़े, जूते, लग्जरी गाड़िया, लग्जरी इलेक्ट्रानिक्स, घरेलू समानो का आयात भी होता है जिसमे विदेशी मुद्रा काफी व्यय होता है।

इस पर कमी लाई जा सकती है आयल करने वाली कम्पनियों से बात करके अनावश्यक समानो पर प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है। सरकार चाहे तो सोने के आयात कम करके अपना बाण्ड निकाल कर देश के अन्दर मौजूद संस्थाओं व व्यक्तियों से बैंको के माध्यम से खरीददारी करके ज्वेलरी उद्योग को उपलब्ध करा सकती है। भारतीय ज्वेलरी की पूरे विश्व में कला के रूप में मान्यता है इसलिए इसके निर्यात के लिए हर प्रदेश में निर्यात सेन्टर बनाकर, विश्व के अन्य देशो में ज्वेलरी नियात के रास्ते प्रशस्त करते हुए योजना बनाकर स्थानीय ज्वेलर्स को जोड़ा जा सकता है। निवेदन पत्र सौंपने वालों में सर्राफा एसोसिएशन के विश्वनाथ सोनी, प्रभात सोनी, आर्यन, पंकज कुमार वर्मा, जितेन्द्र सोनी, दीपक सोनी, अजीत सोनी, हरिओम लल्ला, विकास सोनी, शिवेन्द्र वर्मा, सपन सर्राफ, विश्वनाथ वर्मा, रामजी बरनवाल, त्रिलोकीनाथ वर्मा, जय प्रकाश सोनी, गोपाल जी, गिरीश सोनी, मनीष अग्रवाल, मनोज सोनी, अमरनाथ सोनी, गोलू जौनपुरी, मनोज वर्मा, जगदीश अग्रहरि, गणेश जी सोनी, शिवकुमार सोनी, रवि सोनी, हरिशंकर, सत्यम, उमाशंकर सोनी, सौरभ, शिवम सोनी, विकास सोनी, सुशील वर्मा, राजेश कुमार, सुनील सोनी, संजय, बब्लू के साथ ही अनेक सरार्फा व्यापारी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कंपनियों की कथित मनमानी के विरोध में 20 मई को दवा व्यापारियों ने दुकानों को बंद रखने का लिया निर्णय



**बिसवां/सीतापुर-** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आवाहन पर कस्बे के दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन फार्मेसी एवं बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों की कथित मनमानी के विरोध में 20 मई को दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता मेडिकल एसोसिएशन बिसवां के अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन फार्मेसी के माध्यम से बिना उचित नियंत्रण के दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे छोटे दवा व्यापारियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। साथ ही मरीजों की सुरक्षा और दवाओं की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। दवा व्यापारियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने तथा केवल पंजीकृत फार्मेसियों को ही दवा बिक्री की अनुमति देने की मांग की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 मई को दवा दुकानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर बृजेश वर्मा , मनोज मंगल, कमलेश वर्मा, पप्पू जमा विजय अवस्थी सहित बड़ी संख्या में दवा विक्रेता उपस्थित रहे।

### शोले वाली स्टाइल में हाई-वोल्टेज ड्रामा,प्रेमी से मिलने की जिद में टॉवर पर चढ़ी विवाहिता



**महमूदाबाद-** सीतापुर सीतापुर जिले से सोमवार की सुबह एक ऐसा फिल्मी वाकया सामने आया, जिसने पुलिस और स्थानीय लोगों के होश उड़ा दिए। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय ब्याहता महिला अपने एक साल के मासूम बच्चे को घर पर अकेला छोड़कर गांव में लगे मोबाइल टावर के शिखर पर जा चढ़ी। वजह? अपने प्रेमी से मिलने की बेताबी बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, महिला की शादी हो चुकी है, लेकिन महज एक महीने पहले ही उसका दिल पड़ोस के थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के रहने वाले एक युवक पर आ गया। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हुआ, लेकिन पिछले कुछ दिनों से प्रेमी उससे मिलने नहीं आ रहा था। प्रेमी की इस बेरुखी से नाराज होकर महिला ने सोमवार (18 मई) की सुबह यह आत्मघाती कदम उठा लिया। महिला को टावर पर चढ़ा देख गांव में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रामपुर मथुरा पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए महिला से नीचे उतरने की काफी मिन्नतें कीं, लेकिन वह टस से मस नहीं हुई। महिला की बस एक ही जिद थी कि पहले मेरे प्रेमी को बुलाओ, तभी नीचे उतरूंगी। करीब दो घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के दौरान नीचे खड़े लोगों की सांसें अटकी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आनन-फानन में महिला के प्रेमी से संपर्क किया और उसे मौके पर बुलाया। जैसे ही प्रेमी पुलिस के साथ वहां पहुंचा, महिला का गुस्सा शांत हुआ और वह सुरक्षित नीचे उतर आई। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। फिलहाल, पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी दोनों को हिरासत में ले लिया है और थाने लाकर उनसे पूछताछ की जा रही है। इलाके में यह 'फिल्मी ड्रामा' चर्चा का विषय बना हुआ है।

### 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत को चुनौती, दिल्ली पुलिस ने खटखटाया HC का दरवाजा; नोटिस जारी

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 3 साल की बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की वारदात के बाद आरोपी की जमानत को दिल्ली पुलिस ने चुनौती दी है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी की जमानत को रद करने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जस्टिस सौरभ बनर्जी ने आज आरोपी को नोटिस जारी किया और मामले की आगे की कार्रवाई 29 मई के लिए तय की।

# दो दिन से लापता अधेड़ का नहर में मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-** सीतापुर थाना रामपुर कलां क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब बिसवां रजबहा नहर में एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उतराता हुआ पाया गया। शव मिलने की खबर आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान दो दिनों से लापता ग्रामीण के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर कलां थाना क्षेत्र के ग्राम धौरहरा निवासी अशोक कुमार (45 वर्ष), पुत्र रामकुमार, बीते शनिवार की दोपहर अचानक घर से कहीं चले गए थे। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन अशोक कुमार का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए थे। सोमवार सुबह बिसवां रजबहा नहर में सरैयां राजा साहब के निकट स्थित श्री सरयू प्रसाद इंटर कॉलेज के पास से गुजर रहे राहगीरों ने नहर में एक शव उतराता हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय नागरिकों द्वारा तुरंत इसकी सूचना थाना रामपुर कलां पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। इसी बीच लापता अशोक कुमार के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने मृतक के कपड़ों और हुलिए के आधार पर उनकी पहचान अशोक कुमार के रूप में की। अशोक कुमार की मौत की खबर मिलते ही उनके घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे दो बेटे, करण (20 वर्ष) और उत्कर्ष (12 वर्ष) को छोड़ गए हैं। पिता का साया सिर से उठ जाने के बाद दोनों बेटों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे धौरहरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शरीर पर किसी प्रत्यक्ष चोट के निशान हैं या नहीं, और मौत डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पुलिस हर संभावित पहलू को ध्यान में रखकर गहराई से छानबीन कर रही है। फिलहाल मौत की वजह रहस्य बनी हुई है। ग्रामीण और परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि मौत के असली कारणों का खुलासा हो सके।

## लालगंज में राहुल गांधी का महिलाओं से संवाद आज



● स्वागत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी मंगलवार को लालगंज पहुंचेंगे। यहां वह रायबरेली रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में महिलाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।जानकारी के अनुसार राहुल गांधी पहले खीरो क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह लालगंज पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर नगर में कई स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम तय किए गए हैं। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक बृजेंद्र नगर मोहल्ला, बेहटा चौराहा, बाईपास रोड और नगर पंचायत कार्यालय के सामने कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता गांधी चौराहा में सांसद का स्वागत करेंगे। सोमवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मंच व्यवस्था, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और स्वागत कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, लाल असीकरण सिंह, संतोष त्रिवेदी, महेश प्रसाद शर्मा और कामता प्रसाद गौड़ समेत कई नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का रायबरेली से विशेष जुड़ाव है और कार्यकर्ता उनके स्वागत को लेकर पूरी तरह तैयार हैं।कार्यक्रम को लेकर शहर में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर जुटने की तैयारी में हैं।

### तीसरे दिन वृत्रासुर वध एवं पिप्पलाद चरित्र का वर्णण, और तीर्थ की हुई माह आरती

**मिश्रिख, सीतापुर-** पावन धार्मिक नगरी मिश्रिख तीर्थ स्थित दधीचि कुंड में चल रही भव्य महर्षि दधीचि कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण किया। कथा व्यास पंडित कृष्ण गोपाल राहुल जी महाराज ने अपने मुखारविंद से वृत्रासुर वध, पिप्पलाद जी के जन्म, विवाह एवं उनके वंश का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि महर्षि दधीचि ने लोककल्याण के लिए अपनी अस्थियों का दान देकर देवताओं को शक्ति प्रदान की, जिसके माध्यम से वृत्रासुर का वध संभव हो सका। उन्होंने पिप्पलाद ऋषि के तप, त्याग और धर्ममय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में ऋषियों का योगदान अतुलनीय रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। पंडाल में 'हर-हर महादेव' और 'दधीचि महाराज की जय' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।उसके बाद दधीचि कुंड की महाआरती का आयोजन किया गया।तीर्थ को खूब सजाया गया और बड़े धूम धाम के साथ मुख्य यजमान सहित सभी नगर वासियों ने मिलकर के महाआरती की और प्रसाद ग्रहण किया।

## लेखपाल मुख्य परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:-** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा 21 मई 2026 (बृहस्पतिवार) को आयोजित की जाने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0 अ0 प0-2025)/01 की परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट/ केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेपर की गोपनीयता, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, बिजली, पेयजल, स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा 21 मई 2026 (बृहस्पतिवार) को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक जनपद रायबरेली के 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी, जिसमें कुल 3648 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। प्रश्नगत परीक्षा को शुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ के निर्देश पुस्तिका के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। परीक्षा केन्द्र पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ससमय अवश्य कर लेंगे और परीक्षा दिवस पर परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व कम से कम 03 घंटा पहले अनिवार्य रूप से पहुंच जायेगें। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, सी0सी0 टी0वी0 कन्ट्रोल रूम इत्यादि का निरीक्षण करेंगे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त तैनात





स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर लें यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर निर्देश पुस्तिका के अनुरूप व्यवस्थापन में कोई कमी परिलक्षित होती है तो केन्द्र व्यवस्थापक के ससमय पूर्ण करा लें, समस्त तैनात अधिकारी/ कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर प्रश्नगत परीक्षा को शुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## बिजली विभाग का मेगा कैंप आयोजित, डेढ़ लाख रुपयों का राजस्व जमा

● शिविर में हुआ उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PPCL) के तत्वावधान में सोमवार को रेउसा कस्बे में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप प्रबंध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कैंप प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगाया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ताओं ने भाग लिया। कैंप में स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों, बिजली बिलों में त्रुटियां, नये बिजली कनेक्शन, नाम परिवर्तन, विद्युत भार (लोड) बढ़वाने तथा मोबाइल नंबर एवं केवाईसी सहित विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मेगा कैंप के दौरान 18 गलत बिजली बिलों को सही किया गया तथा 02 उपभोक्ताओं के विद्युत भार में वृद्धि की गई। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर पुराने मीटरों को हटाकर नये स्मार्ट मीटर लगाये गये। कई शिकायतों का भी मौके पर निस्तारण किया गया।कैंप में कुल 25 उपभोक्ताओं द्वारा एक लाख पचास हजार रुपया बकाया विद्युत बिल भी जमा किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार एवं अवर अभियंता वीरेंद्र यादव तथा बड़े बाबू दिलीप कुमार बघेल ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनका संतोषजनक समाधान कराया।विद्युत विभाग द्वारा भविष्य में भी उपभोक्ता हित में इस प्रकार के विशेष शिविर आयोजित किये जाने की बात कही गई है।

### बंगाल हिंसा को लेकर मायावती ने जताई चिंता, केंद्र व राज्य सरकारों को दी जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने की नसीहत

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बंगाल में चुनाव बाद हो रही हिंसा पर चिंता जताई है। बसपा प्रमुख ने कहा है कि हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद सरकारों को इसके प्रति सतर्क व अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए, ताकि उन पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात आदि का दोष लगे। सोमवार को एक्स पर मायावती ने लिखा, सभी सरकारों को देश के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक हालात व समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, न कि विध्वंसकारी छवि आदि के माध्यम से लोगों का ध्यान उन मुद्दों से बांटने का प्रयास करना चाहिए। इससे संकट और बढ़ेगा। उन्होंने लिखा कि दुनिया भर में भारत की मानवतावादी पहचान डॉ. भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान के कारण है, जो धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। केंद्र व सभी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसा कुछ न होने दें, जिससे भारत सरकार से इसके बारे अप्रिय सवाल हों। स्थापित नियम-कानूनों के अनुपालन या किसी नये कानून का अनुपालन सभी धर्मों के लोगों पर एक समान रूप में होना चाहिए, जिससे सरकारों की संवैधानिक प्रतिष्ठा प्रभावित न हो।

### प्राथमिक संघ चुनाव हंसराज वर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**महमूदाबाद सीतापुर-** सोमवार दोपहर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महमूदाबाद के त्रिवार्षिक निर्वाचन व अधिवेशन में हंसराज वर्मा आठवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। वहीं, शिक्षक ज्ञानेश मिश्र को सर्वसम्मति से महामंत्री मनोनीत किया गया,स्थानीय बीआरसी प्रांगण में पर्यवेक्षक उमेश यादव, विनोद राजौरिया, सुश्री आशा पाण्डेय और अमित शुक्ला की देखरेख में चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान ब्लॉक महमूदाबाद के लगभग चार सौ शिक्षकों ने ज्ञानेश मिश्र को महामंत्री पद के लिए सर्वसम्मति से चुना। निर्वाचित अध्यक्ष हंसराज वर्मा ने बताया कि उन्होंने पहली बार वर्ष 2002 में अध्यक्ष पद संभाला था। तब से लेकर अब तक वे छह बार निर्विरोध और दो बार चुनाव लड़कर अध्यक्ष चुने गए हैं,मनोनीत महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने जानकारी दी कि जल्द ही एक बैठक आयोजित कर अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया जाएगा,हंसराज वर्मा के अध्यक्ष और ज्ञानेश मिश्र के महामंत्री बनने पर क्षेत्र के बुद्ध जीवियों ने जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों में उन्हें बधाई दी बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, प्रकाश ग्रुप आप कॉलेजेस के चेयरमैन ओमप्रकाश वर्मा, सीता ग्रुप आफ एजुकेशन के अध्यक्ष रमेश बाजपेई ब्लॉक प्रमुख मुकेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य ओंकार नाथ, सारिका सिंह, सहित कई क्षेत्रवासी शामिल रहे!

## महंगाई, बेरोजगारी और बिजली संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन



● राज्यपाल को भेजा 12 सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और खराब नागरिक सुविधाओं को लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर के सामने धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग उठाई। धरना के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं ने बढ़ती महंगाई, बिजली संकट, गैस की किल्लत और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप बाजपेई ने कहा कि रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने से आम लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि आंधी तूफान के बाद कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था अब तक पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी है।कर्मचारियों की कमी से समस्या और बढ़ रही है। जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि महंगाई की वजह से आम आदमी आर्थिक संकट झेल रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा मामले को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। कहा कि परीक्षा गड़बड़ी से छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। धरना को कांग्रेसी नेता सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक अशोक सिंह, विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी, संजय सिंह और महेश प्रसाद शर्मा समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। संचालन जिला सचिव कामता प्रसाद गौड़ ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, आकर्षक द्विवेदी, कमल सिंह चौहान, प्रतीक शर्मा, पदमधर सिंह, मदन कुमार, राजकुमार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संगठनात्मक फैसले के विरोध में शिक्षकों की बैठक

● जिला उपाध्यक्ष के इस्तीफे पर जताया समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष के फैसले के विरोध में बड़ी संख्या में शिक्षक एकजुट हुए। शिक्षकों ने जिला उपाध्यक्ष निशांत पांडेय के इस्तीफे पर भी चर्चा की और उनके संगठन के प्रति योगदान की सराहना की। संगठन से जुड़े शिक्षकों ने बताया कि जिला अध्यक्ष द्वारा बिना पूर्व सूचना डलमऊ ब्लॉक अध्यक्ष को हटाते हुए पूरी कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी। इस फैसले से संगठन से जुड़े शिक्षक नाराज चल रहे थे। इसी मुद्दे को लेकर शिक्षक नेता मनोज पांडेय की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि निशांत पांडेय की सक्रियता और स्पष्टवादिता से संगठन को मजबूती मिली है। शिक्षक हितों के लिए उनकी भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। मनोज पांडेय ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की मौजूदगी यह साबित करती है कि संगठन में सक्रिय लोगों का सम्मान आज भी बना हुआ है।

इससे पदाधिकारियों को काम करने की ताकत मिलती है। बृजेश वाजपेई ने कहा कि संगठन में सक्रिय लोगों को शिक्षक आज भी पसंद करते हैं। प्रदीप सिंह ने शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े फैसले शिक्षकों के पक्ष में आने की कामना की। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट रहने की अपील भी की। राजेंद्र शुक्ल ने सभी से संगठनात्मक मजबूती बनाए रखने की बात कही। योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षकों का समर्थन उनके लिए हमेशा प्रेरणा रहेगा और वह हर समय शिक्षकों की सेवा के लिए तैयार रहेंगे। बैठक में शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि वे सम्मान, स्वाभिमान और न्यायपूर्ण विचारधारा के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। इस मौके पर राजेश सिंह, शैलेंद्र कुमार यादव, दीपक कुमार मिश्रा, अक्षय दीक्षित, जयकरन सिंह, प्रमोद शुक्ला, अवध किशोर मिश्रा, धर्मेश कुमार, अवनीश श्रीवास्तव, सुनील कुमार यादव, मोहित मिश्रा, निशांत पांडेय, प्रतिमा दीक्षित, शकुंतला रजक, संध्या सिंह, मधु सिंह, रश्मि यादव, शालिनी राहुल सिंह, अनीता सिंह, पंकज कुमार, विजय कुमार, अंकित पटेल, मानस चौधरी, अमित त्रिपाठी, इमरान अहमद समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## खाद वितरण में धांधली का आरोप, किसान ने लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर-** स्थानीय तहसील के विकास खंड पहला क्षेत्र से यूरिया वितरण में हेराफेरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र के दमुवापुर मजरा खमरिया के रहने वाले किसान दिलीप कुमार ने सरकारी खाद केंद्र के कर्मचारी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए सूबे के मुखिया को शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। किसान दिलीप कुमार के मुताबिक, उन्होंने बीते 29 अप्रैल को सिकंदराबाद स्थित इफको कृषक सेवा केंद्र से अपने आधार कार्ड के जरिए ?450 में एक बोरी यूरिया खरीदी थी। आरोप है कि केंद्र पर तैनात कर्मचारी ने उनके खाते (आईडी) का दुरुपयोग करते हुए रिकॉर्ड में एक के बजाय दो बोरी यूरिया का आवंटन दर्ज कर दिया। किसान को सिर्फ एक बोरी खाद दी गई, जबकि दूसरी बोरी का गबन कर उसे ऊंचे दामों पर किसी बाहरी व्यक्ति




को ब्लैक में बेच दिया। इस जालसाजी का भंडाफोड़ तब हुआ जब किसान 16 मई को दोबारा भुडकुडा स्टोर पर खाद लेने पहुंचा। वहां मौजूद सचिव ने जैसे ही किसान का रिकॉर्ड चेक किया, तो पता चला कि उनके नाम पर पहले ही दो बोरी यूरिया निकाली जा चुकी है। नियमों का हवाला देते हुए सचिव ने उन्हें और खाद देने से साफ मना कर दिया। परेशान किसान ने अब मुख्यमंत्री पोर्टल के जरिए इस भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि गरीब किसानों के हक पर डाका डालने वाले ऐसे कर्मचारियों की वजह से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बट्टा लग रहा है, इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच होनी बेहद जरूरी है।

### अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज निंदनीय : लॉयर्स एसोसिएशन

**मिश्रिख, सीतापुर-** मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबर बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए तोड़े जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव यादव के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि चैंबर हटाए जाने से प्रभावित अधिवक्ताओं के लिए शीघ्र नए चैंबर भवन का निर्माण कराया जाए। साथ ही लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के चैंबर तोड़ा जाना अन्यायपूर्ण है और अधिवक्ताओं के सम्मान व अधिकारों के खिलाफ है। प्रदर्शन में अधिवक्ता बृजलाल चौधरी, सुधीर शुक्ल राना, अकरम खान, नरेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ सक्सेना, भास्कर पाण्डेय, गौरव वाजपेयी, सुनील त्रिपाठी, ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी, रजनीश कुमार, प्रेम प्रकाश राजवंशी, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह, जलालुद्दीन, अमीर अहमद, गोविंद प्रसाद राजवंशी, अरविन्द कुमार, कपिल मुनि, मलखान सिंह सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## महमूदाबाद की बेटी ने अमेरिका में लहराया परचम

● मेरिट सूची में हासिल किया सर्वोच्च स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर-** महमूदाबाद के प्रतिष्ठित सेठ राम गुलाम पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिवार से जुड़ीं कु. अनिका वर्मा ने सात समंदर पार अपनी अद्वितीय प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, अनिका ने अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफ़ोर्निया, लॉस एंजिल्स (UCLA) से 'एमएस कंप्यूटर साइंस' की डिग्री प्राप्त की है। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की उच्च मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया। उनकी इस असाधारण और ऐतिहासिक उपलब्धि पर कैलिफ़ोर्निया यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। अनिका की इस वैश्विक सफलता की खबर मिलते ही उनके परिवार सहित पूरे महमूदाबाद क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। गौरतलब है कि महमूदाबाद का 'सेठ राम गुलाम पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस' क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने और सामाजिक सरोकारों के लिए जाना जाता है। इस ग्रुप के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थान, तकनीकी संस्थाएं संचालित हो रहे हैं, जो क्षेत्र के विकास में निरंतर अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे है।

अनिका वर्मा, सेठ राम गुलाम पटेल के ज्येष्ठ सुपुत्र व विख्यात सरकारी ठेकेदार स्वर्गीय मुनेश्वर प्रसाद की नातिन तथा रामा कृष्णा मैरिज लॉन के संचालक कृष्ण कुमार की भांजी हैं। अपनी लाडली की इस वैश्विक कामयाबी से ननिहाल पक्ष के नरेश चंद्र, डॉ. हरीश चंद्रा, इंजीनियर राहुल और इंजीनियर क्षितिज चंद्रा सहित पूरे परिवार



का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया है। क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, शिक्षाविदों और स्थानीय लोगों ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अपनी असीम प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी ने अनिका वर्मा के इस स्वर्णिम सफर की सराहना करते हुए उनके सुखद, समृद्ध और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला उद्योग बंधु की बैठक में औद्योगिक विकास कार्यों की समीक्षा

**उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध करें निस्तारण : डीएम**

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से संबंधित समस्याओं, रोजगार सृजन एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि उद्योगों की स्थापना से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न किया जाए। भूमि उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, एनओसी एवं अन्य अनुमतियों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने के लिए लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराने तथा बैंकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### टीकाकरण में सुधार लाने में सभी का सहयोग जरूरीः सीएमओ

**डेटा की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित**

**देवरिया।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत डेटा की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से सोमवार को सीएमओ कार्यालय स्थित धन्वंतरि सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सहयोगी संस्था के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में चिकित्साधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण से संबंधित डेटा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि डेटा की गुणवत्ता, सटीक रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और डेटा ऑपरेटरों को जिला स्तर पर नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य तकनीकी सुधार, शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज प्राप्त करना तथा डिजिटल पोर्टलों के उपयोग में दक्षता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों एवं माताओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सभी के सहयोग से बेहतर कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जेएसआई के स्टेट प्रशिक्षक दिलीप गोविंद राव ने टीकाकरण कार्यक्रम में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए डेटा फीडिंग की सही प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी आपसी समन्वय से डेटा का सही विश्लेषण कर टीकाकरण कार्यक्रम को और प्रभावी बना सकते हैं। कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस. के. सिन्हा, डिप्टी डीआईओ डॉ. विपिन रंजन, एआरओ राकेश चंद, जेएसआई के जिला प्रतिनिधि अभिनय कुशवाहा, यूपीटीएसयू के जिला प्रतिनिधि सतीश सिंह, पीसीआई सहित एमओआईसी, बीपीएम एवं एआरओ उपस्थित रहे।

### श्रम बंधु की बैठक में श्रमिक हितों से जुड़े मामलों की समीक्षा

**श्रमिकों को योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराएं: डीएम**

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में श्रम बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रमिकों के हितों से संबंधित योजनाओं, श्रमिक पंजीकरण एवं श्रम कानूनों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराया जाए तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा सहायता एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। श्रमिकों से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक इकाइयों एवं निर्माण स्थलों पर श्रम कानूनों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। बाल श्रम एवं अवैध श्रम प्रकरणों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी वी.के. सिंह, सुबोध जायसवाल, प्रेम अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अलाव की चिंगारी से पांच परिवारों की गृहस्थी राख

● फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया काबू

● दो बाइक जलीं, एक भैंस झुलसी, सात बकरियां मरीं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कुशीनगर।** खड्डा विधानसभा क्षेत्र एवं जटहां बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई भरपुरवा के वार्ड संख्या 15 खैराटोला में रविवार देर रात धुँआ के लिए अलाव किया गया था जिससे निकली चिंगारी ने भीषण अग्निकांड का रूप ले लिया। हादसे में पांच परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। दो मोटरसाइकिलें जल गई, एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई और सात बकरियां जलकर मर गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गांव निवासी मुस्तूफा पुत्र फेकू ने मच्छरों से बचाव के लिए अपने फूस के घर के पास कउरा जलाया था। उसी स्थान पर भैंस भी बंधी हुई थी। रात करीब 12 बजे अलाव से निकली चिंगारी ने फूस में आग पकड़ ली। देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के अन्य घर भी आग की चपेट में आ गए।

अग्निकांड में समसुद्दीन पुत्र तूफानी तथा मुस्तूफा पुत्र फेकू की मोटरसाइकिल, साइकिल, सिलाई मशीन और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। मकसूद पुत्र मुस्तूफा की नई अपाचे बाइक भी आग की भेंट चढ़ गई। एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई, जबकि इशहाक और इशू पुत्र बकरीदन के की काफी क्षति हुई है। पीड़ित परिवार की सात बकरियां जलकर मर गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की



टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आग को और फैलने से रोका जा सका। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान पद के पूर्व प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी नेता संजय यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचना देकर पीड़ितों को शीघ्र राहत एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

### जमीन का पैमाइश न होने से परिवार में बढ़ा विवाद

**लेखपाल पर लगा एसडीएम के आदेश की अवहेलना का आरोप**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप निवासी मुरलीधर पुत्र रामलखन ने तहसील समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र सौंपकर हल्का लेखपाल की घोर लापरवाही और मनमानी के खिलाफ आवाज उठाते हुए अपनी भूमि की पैमाइश कराकर भाइयों में विधिवत बंटवारा कराने की मांग की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आराजी मौजा विषखोप स्थित गाटा संख्या 63 (रकबा 1.821 हेक्टेयर) भूमि के बंटवारे को लेकर वह लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रहा है और इस संबंध में उपजिलाधिकारी द्वारा पैमाइश के लिखित आदेश जारी किए जाने के बावजूद हल्का लेखपाल की उदासीनता के कारण अब तक मौके पर पैमाइश नहीं हो सका है, जिससे राजस्व विभाग की इस टालमटोल नीति के चलते उनके परिवार में लगातार आपसी कलह व गंभीर विवाद की स्थिति बनी हुई है और उन्हें भारी मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। जिसके मद्देनजर पीड़ित ने समाधान दिवस में उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द टीम भेजकर पैमाइश कराने और मामले का स्थाई निस्तारण कराने की पुरजोर गुहार लगाई है।

## नशा मुक्ति और बाल अधिकारों को लेकर जागरूकता अभियान, मुसहर बस्ती से स्कूल तक दिलाई गई शपथ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पडरौना, कुशीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सोमवार को पडरौना तहसील क्षेत्र के बिंदवलिया गांव की मुसहर बस्ती और रामनारायण यादव हाईस्कूल खिरकिया में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नशा मुक्ति, बाल अधिकार, स्वच्छता तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार त्यागी के आदेश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भुवन के निर्देशन में आयोजित हुआ। विशुनपुरा ब्लॉक के बिंदवलिया गांव स्थित मुसहर बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में समुदाय के लोगों को नशे के दुष्प्रभाव, स्वच्छता, बाल श्रम और बाल विवाह जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं रामनारायण यादव हाईस्कूल खिरकिया में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई।

पीएलबी रामप्रताप सिंह ने कहा कि



विधिक जागरूकता समाज को सही दिशा देने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अपील की। पीएलवी आलोक उपाध्याय ने स्वच्छता और शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ सजग रहने का आह्वान किया। पीएलवी मनोरमा ने महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी दी, जबकि नवीन पांडेय ने कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों को कमजोर करता है और इसे समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशा मुक्ति, स्वच्छता और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई।

## कार्यकाल बढ़ाने की मांग पर अड़े ग्राम प्रधान

● बीस मई को लखनऊ के रमाबाई पार्क में विशाल शक्ति प्रदर्शन का एलान




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रतनपुर/महराजगंज।** त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को रतनपुर सभागार कक्ष में एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के जिलाध्यक्ष अनिल जोशी व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया रहे। बैठक में ग्राम प्रधान व प्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है और वर्तमान परिस्थितियों में समय पर चुनाव संभव नहीं लग रहा है, ऐसे में निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ होगी क्योंकि पूर्व में प्रशासकों के कार्यकाल के दौरान पारदर्शिता की कमी और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें आई थीं। देश के अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए प्रधान संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा और ब्लॉक प्रमुख को निमंत्रण देकर एलान किया कि कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर आगामी 20 मई को लखनऊ के रमाबाई पार्क में विशाल शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। इस रणनीति बैठक के दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय धर दूबे सहित ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह, रघुबर यादव, जीतबहादुर यादव, विनय कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार सिंह, राकेश कुमार चौधरी, विजय कुमार मद्धेशिया, मुफ्ती अख्तर रजा, गणेश मद्धेशिया, रामफल साहनी, बशिष्ठ कान्दू, संजय सिंह, आसिफ मलिक, रामबचन साहनी, नाथू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं, बाजार व्यवस्था, अतिक्रमण, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न हो तथा व्यापारियों के साथ संवाद एवं समन्वय बनाए रखते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि बाजार क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं यातायात व्यवस्था बेहतर रखी जाए। अतिक्रमण के कारण व्यापारियों एवं आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा बाजार क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए। उन्होंने त्योहारों एवं भीड़भाड़ वाले अवसरों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए।

# कागजों पर चल रहा मनरेगा का फर्जी खेल

● अधिकारियों की मौन सहमति से मजूदरों की फर्जी हाजिरी जारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढ़िया में मनरेगा योजना के तहत चकबंध पर मिट्टी भराई का कार्य कागजों में प्रगति पर है। यहां मनरेगा योजना में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का खुलेआम बंदरबांट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में नरायन के घर से लेकर रामप्रसाद के खेत तक चकबंध पर मिट्टी भराई का कार्य पोर्टल पर दिखाया जा रहा है। जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार बीते रविवार से मौके पर एक भी मजदूर काम करने नहीं आ रहा है। कार्यस्थल पूरी तरह सूना पड़ा है। इसके बावजूद, ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की नाक के नीचे प्रतिदिन करीब 65 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी व मस्टररोल भरी जा रही है। बिना काम किए ही मजदूरों के नाम पर हाजिरी लगाकर सरकारी बजट को ठिकाने लगाने का यह खेल धड़ल्ले से जारी है। इस पूरे खेल में ब्लॉक के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्ययोजना के सत्यापन और नियमित निरीक्षण की जिम्मेदारी निभाने वाले ब्लॉक के अधिकारी पूरी तरह आंखें मूंदे बैठे हैं। इस मामले में तमाम मौखिक शिकायतें की गई लेकिन अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई



नहीं हुई। अधिकारियों की इसी लापरवाही और कथित संलिप्तता के कारण भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, मस्टररोल और जीपीएस लोकेशन का मिलान हो, तथा दोषी ब्लॉक कर्मियों और बिचौलियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गोरखपुर की तहसीलों में अधिवक्ताओं में रोष

● खजनी बार एसोसिएशन ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

● दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा दिया जाए सत्य प्रकाश श्रीवास्तव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं के चेंबरों पर बुलडोजर की कार्रवाई और विरोध प्रदर्शन के दौरान उनपर लाठीचार्ज के विरोध में रविवार को गोरखपुर जनपद सहित विभिन्न तहसीलों में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। खजनी तहसील में बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन खजनी के अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने तहसील वार भवन में बैठक कर घटना की कड़ी निंदा की और उसके बाद एसडीएम खजनी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि लखनऊ में 17 मई 2026 को पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के चेंबरों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। इसके बाद जब अधिवक्ताओं ने वैधानिक तरीके से विरोध दर्ज कराया तो उन पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया। इस कार्रवाई से पूरे अधिवक्ता समाज में भारी रोष व्याप्त है। बार एसोसिएशन खजनी ने महामहिम राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि अधिवक्ताओं के साथ किया गया यह दुर्व्यवहार पूरी तरह निंदनीय है और इससे न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों की गरिमा को ठेस पहुंची है। वार एशोसिएशन ने मांग किया कि इस प्रकरण में दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित



अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन खजनी के अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री चन्द्र मौलि शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वरचंद्र सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता महेश दुबे, दरगाही प्रसाद रामप्रीत यादव, कमलेश कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार सिंह, संजय पांडेय, पूर्णमासी यादव, शशि शेखर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। आंदोलन के दौरान तहसील परिसर में काफी देर तक अफरातफरी कामाहौल बना रहा।

## गोरखपुर को मिले नए एडीएम सिटी, गजेंद्र कुमार ने संभाला कार्यभार, विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर रहेगा फोकस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर को नया अपर जिलाधिकारी (नगर) मिल गया है। वर्ष 2012 बैच के पीसीएस अधिकारी गजेंद्र कुमार ने एडीएम सिटी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वह मुजफ्फरनगर में एडीएम वित्त एवं राजस्व के पद पर तैनात थे। उनकी तैनाती को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इससे जिले में विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

गजेंद्र कुमार का गोरखपुर से पुराना जुड़ाव रहा है। वह 26 अक्टूबर 2017 से 16 फरवरी 2019 तक गोरखपुर में डिप्टी कलेक्टर (डिप्टी मजिस्ट्रेट) के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इसके बाद उनका स्थानांतरण हरदोई में सिटी मजिस्ट्रेट पद पर हुआ था। करीब सात वर्ष बाद अब उनकी दोबारा गोरखपुर में वापसी हुई है, लेकिन इस बार उन्हें एडीएम सिटी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि गोरखपुर उनके लिए नया जनपद नहीं है और यहां के प्रशासनिक व सामाजिक परिवेश से वह पहले से



परिचित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के विकास कार्यों को गति देने, कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही राजस्व मामलों, नगर प्रशासन और जनसुनवाई व्यवस्था में पारदर्शिता व तेजी लाने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे। गजेंद्र कुमार ने गोरखपुर में अपने पूर्व कार्यकाल की यादें साझा करते हुए कहा कि यहां का अनुभव उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है और अब वह नए उत्साह व जिम्मेदारी के साथ जनपद के विकास एवं बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कार्य करेंगे।

### टीकाकरण में सुधार लाने में सभी का सहयोग जरूरीः सीएमओ

**डेटा की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित**

**देवरिया।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत डेटा की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से सोमवार को सीएमओ कार्यालय स्थित धन्वंतरि सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सहयोगी संस्था के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में चिकित्साधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण से संबंधित डेटा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि डेटा की गुणवत्ता, सटीक रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और डेटा ऑपरेटरों को जिला स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य तकनीकी सुधार, शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज प्राप्त करना तथा डिजिटल पोर्टलों के उपयोग में दक्षता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों एवं माताओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सभी के सहयोग से बेहतर कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# गोरखपुरः महंगाई और पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

● रिक्शे पर बाइक रखकर सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार हो रही वृद्धि तथा नीट परीक्षा पेपर लीक के मुद्दे को लेकर सोमवार को गोरखपुर में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के टॉउन हॉल स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क के पास आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध जताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित इस संयुक्त प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक बाइक को रिक्शे पर रखकर शहर में घुमाया। प्रदर्शन का उद्देश्य बढ़ती ईंधन कीमतों और आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को प्रतीकात्मक रूप से दिखाना था। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और अब लोगों के लिए दैनिक जीवन चलाना मुश्किल होता जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी और महानगर इकाई के पदाधिकारियों ने स्वयं रिक्शे पर बाइक रखकर प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण और



युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। साथ ही उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक और परीक्षा निरस्तीकरण को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे सरकार की बड़ी विफलता करार दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता और युवाओं के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी और सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाई जाएगी। प्रदर्शन में गोरख लाल श्रीवास्तव, राकेश यादव, सतेंद्र निषाद, डॉ. चिन्मय पांडेय, राजीव कुमार पांडेय, गणेश मिश्रा, प्रमोद नायक, हजारी लाल जायसवाल, विशाल तिवारी, अनवर हुसैन, संतोष सिंह, ज्ञानेंद्र शाही समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ललितपुर।** राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस-2026 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डा.रवि पचौरी ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा इसके नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायों को समुदाय तक पहुंचाना था। इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्यों, इंटर्न्स एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए रक्तचाप जांच, स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार तथा तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला ने कहा कि उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित खानपान और सक्रिय जीवनशैली बेहद जरूरी है।

## सौतेले पिता पर बेटी को भगाने का आरोप, मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सहजनवा- गोरखपुर।** जनपद के हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र से रिश्तों को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने दूसरे पति पर अपनी 19 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। मामला सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित महिला द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 16 मई 2026 की रात लगभग साढ़े दस बजे उसकी 19 वर्षीय बालिग बेटी घर से लापता हो गई। महिला का आरोप है कि उसका दूसरा पति दिनेश पुत्र राम पलट, निवासी ग्राम भैंसइया थाना हरपुर-बुदहट, बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

महिला ने बताया कि बेटी के अचानक गायब होने के बाद परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। काफी तलाश के बाद जब बेटी का पता नहीं चला तो महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मामला इसलिए भी संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि आरोप महिला के दूसरे पति यानी युवती के सौतेले पिता पर लगा है। पारिवारिक रिश्तों से जुड़े इस प्रकरण ने स्थानीय लोगों को भी हैरान कर दिया है।

हरपुर-बुदहट पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी दिनेश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।




पुलिस अब युवती की तलाश में जुट गई है और संभावित ठिकानों पर जानकारी जुटाई जा रही है। थानाध्यक्ष हरपुर-बुदहट प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही युवती को तलाश कर मामले के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

# महंगाई के विरुद्ध कांग्रेस का विरोध मार्च

**देवरिया।** पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में निकला विरोध मार्च टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। सुभाष चौक, सिविल लाइंस और शिव मंदिर मार्ग से गुजरते हुए कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई पर जनता की नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर सरकार की आर्थिक नीतियों को जनविरोधी बताया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों के दामों ने आम आदमी की जिंदगी मुश्किल कर दी है। उनका कहना था कि गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी का असर सीधे रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रहा है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई ने जनता की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। पार्टी ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में तत्काल कमी किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आम जनता को



राहत देने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता सुयश मणि, धर्मेंद्र सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, धर्मेंद्र पाण्डेय, भरत मणि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### टूण्डला में फैमिली आईडी बनाने का अभियान तेज, घर-घर पहुंच रही नगर पालिका की टीम



**टूण्डला-** उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से फिरोजाबाद जनपद के टूण्डला नगर में फैमिली आईडी बनाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद टूण्डला के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के निर्देश पर पालिका कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों की फैमिली आईडी बनाई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वह समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य करा लें, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। अभियान के तहत पालिका कर्मचारी प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में पहुंचकर परिवारों की जानकारी एकत्र कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर फैमिली आईडी बनाने की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि फैमिली आईडी उन्हीं परिवारों की बनाई जाएगी, जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है। फैमिली आईडी के माध्यम से सरकार को पात्र परिवारों का सही डाटा उपलब्ध होगा, जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सकेगा। फैमिली आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य बताया गया है। पालिका कर्मियों द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि यदि किसी परिवार की फैमिली आईडी नहीं बनेगी तो भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में परेशानी हो सकती है। नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि टीम जब उनके घर पहुंचे तो आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर प्रक्रिया को सरल बनाएं, जिससे अधिक से अधिक पात्र परिवारों का पंजीकरण समय पर पूरा किया जा सके।

### राज्य स्तर पर वासुदेव के विजयी होने पर एम डी जैन इंटर कॉलेज में हुआ भव्य सम्मान




**सिरसागंज –** भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना विकसित भारत बिल्डथोंन-2047 के अंतर्गत सम्पूर्ण देश के विद्यार्थियों से नवाचार के प्रोटोटाइप और आईडिया ऑनलाइन पोर्टल पर मांगे गए थे। जिसमें उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न जनपदों के द्वारा पोर्टल पर हजारों की संख्या में आवेदन किए गए थे, जनपद फिरोजाबाद से बेसिक और माध्यमिक विभाग से लगभग 1000 प्रोटोटाइप और आईडिया ऑनलाइन पोर्टल पर भेजे गए थे। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि विकसित भारत बिल्डथोंन-2047 में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत, समर्द्ध भारत आदि विषयों पर अपनी टीम बनाकर ऑनलाइन पोर्टल पर प्रोटोटाइप और आईडिया भेजे थे। जिसमें राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में 04 प्रतिभागी विजयी घोषित किए गए हैं।

जिसमें जनपद फिरोजाबाद के श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के निर्देशन में टीम वाशुदेव और विशु प्रताप का चयन हुआ है। इसके लिए टीम को भारत सरकार की ओर से 25000/-रुपये की धनराशि विद्यार्थियों के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इसके साथ ही किड्स कॉर्नर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फिरोजाबाद के शुभम शेखर साहू का जनपद स्तर पर चयन हुआ है। जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन और जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में वाशुदेव का भव्य सम्मान किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक साथियों द्वारा वाशुदेव को माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# 6 रुपये बकाया दिखाकर ग्राहक पर ओडी, समूह लोन के नाम पर गरीबों के उत्पीड़न का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला खीरी।** आर बी एल की गोला शाखा से एक ग्राहक ने करीब तीन वर्ष पहले 30 हजार रुपये का लोन लिया था। पीड़ित ग्राहक का कहना है कि उसने समय से सभी किस्तों का भुगतान कर दिया था। लेकिन जब दोबारा जरूरत पड़ने पर उसने दूसरे बैंक में लोन के लिए आवेदन किया, तब उसे जानकारी हुई कि आरबीएल बैंक में उसके नाम पर बकाया राशि दिखाते हुए ओडी (ओवरड्यू) दर्ज कर दी गई है। ग्राहक ने जब बैंक शाखा में संपर्क किया तो उसे बताया गया कि उसके खाते में मात्र 6 रुपये बकाया थे, जिसकी वजह से ओडी लग गई। बैंक अधिकारियों के कहने पर ग्राहक ने तत्काल 6 रुपये भी जमा कर दिए, लेकिन इसके बाद भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीड़ित का आरोप है कि बैंक की इस लापरवाही से उसकी साख प्रभावित हुई और दूसरे बैंक से लोन मिलने में दिक्कतें पैदा हो गई। ग्राहक ने ट्वीट के माध्यम से उच्चाधिकारियों को शिकायत भी दर्ज कराई है।

**समूह लोन के नाम पर गरीबों के शोषण के आरोप**

सूत्रों की मानें तो नगर क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में समूह लोन का बड़ा जाल फैला हुआ है।

जिसमे कई बैंके लोन उपलब्ध कराती हैं आरोप है कि अधिकतर अशिक्षित और गरीब लोगों को आसानी से लोन उपलब्ध करा दिया जाता है, लेकिन बाद में वसूली और बकाया के नाम पर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जाता है। कई मामलों में मामूली रकम बकाया दिखाकर ग्राहकों पर ओडी डाल दी जाती है, जिससे उनका सिबिल रिकॉर्ड खराब हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी-कभी बैंक के वसूली एजेंट ग्राहकों से पैसे लेकर फरार तक हो जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई का बोझ ग्राहकों पर ही डाला जाता है। सूत्रों के अनुसार समूह लोन अधिकतर महिलाओं को दिया जाता है और वसूली के दौरान एजेंटों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोप भी सामने आते रहे हैं। कई बार विवाद मारपीट तक पहुंच जाता है।

**शिकायत न होने से बच जाते हैं एजेंट**

अशिक्षा और आर्थिक कमजोरी के चलते अधिकांश पीड़ित पुलिस या प्रशासन से शिकायत तक नहीं कर पाते। यही वजह है कि ऐसे मामले अक्सर दबे रह जाते हैं और जिम्मेदार एजेंट कानूनी कार्रवाई से बच निकलते हैं। जागरूक लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि समूह लोन और वसूली प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा गरीब और असहाय लोगों के शोषण पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो कर्ज के बोझ और मानसिक उत्पीड़न से परेशान लोग आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हो सकते हैं।

## लापता कालीचरण यादव को लेकर बढ़ा बवाल

**● ओवरब्रिज पहुंचने से पहले रोके गए प्रदर्शनकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मैगलगंज।** लापता कालीचरण यादव की तलाश को लेकर क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।सोमवार को कालीचरण यादव के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मैगलगंज ओवरब्रिज के पास धरना-प्रदर्शन करने के लिए निकल पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया।स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। क्षेत्राधिकारी मितौली, मैगलगंज थाना पुलिस के साथ कई थानों का अतिरिक्त पुलिस फोर्स, फायर ब्रिगेड टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि परिजन और ग्रामीण ओवरब्रिज पर धरना देकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को ओवरब्रिज से करीब 500 मीटर पहले ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।लापता युवक को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक कालीचरण यादव का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।मौके पर मौजूद अधिकारी लोगों को समझाने-बुझाने में जुटे हुए हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में बनी रहे।फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और पुलिस हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है।

## गायत्री ज्योति कलश यात्रा से गूंजा नगर, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निकाली जा रही गायत्री ज्योति कलश यात्रा के सोमवार को नगर पहुंचने पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा का शुभारंभ गोसाई मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुआ। आचार्य भानु प्रताप एवं संजीव सक्सेना के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने यज्ञ और मंत्रोच्चार कर जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद यात्रा बंशी वाले मंदिर, पंजाबी कॉलोनी स्थित गीता मंदिर, साईं मंदिर तथा पोटरगंज के शंकर मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पीले वस्त्रों में शामिल श्रद्धालु ज्योति कलश लेकर 'गायत्री मंत्र' का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। सायंकाल नई बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्र और समाज में सुख-शांति की प्रार्थना की। टोली नायक राकेश कुमार ने कहा कि गायत्री मंत्र और यज्ञ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे मानसिक शांति और सामाजिक जागरूकता का संदेश मिलता है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सह टोली नायक सीताराम, रानी सिंह, सूरज वर्मा, अनीता गुप्ता, ईश्वर चंद्र अरोरा, जयप्रकाश द्विवेदी, अरुण यादव चैनू, संजय गुप्ता, आदेश गुप्ता, श्याम कुमार, राम कुमार रस्तोगी, रामौतार गुप्ता, सुशील गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कीटनाशक दवाएं चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार




**टूण्डला –** थाना नारखी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान कृषि कीटनाशक दवाएं चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में,क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में की गई।गिरफ्तार अभियुक्तों में अवनीश उर्फ रामू, सुमित व करन शामिल हैं।पुलिस ने इनके कब्जे से 20 पैकेट सुपर ब्लैक गोल्ड सॉल्यूबल ह्यूमिक एसिड,5 पैकेट ट्राइको डर्मा हरजियानम,6 पैकेट एट्राजीन डब्ल्यूपी हर्बी साइड तथा 20 बोतल इमिडाक्लोप्रिड दवा बरामद की।साथ ही घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल और दो चाबियां भी बरामद की गई।पुलिस ने तीनों आरोपियों को जलेसर रोड गढ़ी उदी मोड़ से गिरफ्तार किया।बरामदगी के आधार पर थाना नारखी में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है,जहां आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एस एस टी पव्लिक इंटर कालेज के मेधावी छात्रों को शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित

**● भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/** एस एस टी पव्लिक इंटर कालेज क्यों लड़िया के मेधावी छात्रों को भारतीय स्टेट बैंक क्यों लड़िया के शाखा प्रबंधक प्रशांत शुक्ला ने सम्मानित किया ज्ञात रहे। शाखा प्रबंधक द्वारा यहां के प्रतिष्ठित विद्यालय एस एस टी पव्लिक इंटर कालेज क्यों लड़िया मैं आज हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा में अच्छी रैंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र वीर सिंह गंगवार प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार गंगवार के समक्ष आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र रितु गंगवार दिव्या गंगवार अनुष्का। गंगवार परविंदर कुमार रितु देवी दीक्षा गंगवार निशा हरिप्रिया अनामिका के साथ ही कक्षा 10 की छात्रा अनुष्का गंगवार मनीष कुमार राहुल साक्षी गंगवार ललित गुलफिजा रंजीत प्रिया राठौर प्रगति चौधरी फिजाबी को सम्मानित किया गया इस दौरान शाखा प्रबंधक प्रशांत शुक्ला के द्वारा विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्होंने विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र वीर गंगवार। एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र गंगवार को शाल उड़ाकर सम्मानित किया इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार को भी बधाई दी और हर्ष व्यक्ति किया यहां पर उपस्थित शाखा प्रबंधक प्रशांत शुक्ला विनय सिंह मुशर्रफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार प्रकट किया गया और बधाईदी।




## किसान नेता ने गन्ना समिति की बैठक मे किसानो की समस्याओ का उठाया मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सहकारी गन्ना विकास समिति की सामान्य बैठक में कर प्रस्ताव पारित करने कीकिया ग की। गन्ना विकास समिति गोला गोकर्णनाथ द्वारा आयोजित सामान्य बैठक सुमित अध्यक्ष श्रीमती वीना आशीष सिंह की अध्यक्षता में सी जी एन पी जी कॉलेज गोला गोकरननाथ में आयोजित की गई बैठक में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने किसानों की समस्याओं को देखते हुए डेलीगेटों के हस्ताक्षर सहित मांग पत्र लिखित और मौखिक प्रस्ताव पारित करने की मांग की। अंजनी दीक्षित ने कहा गन्ना समिति में किसानों की कर्ज लिमिट यदि 50000 है तो कर्ज स्वीकृत होने के बाद मात्र 5000 की खाद दी जा रही है गन्ने की फसल 1 वर्ष की है जिसमें अत्यंत खाद और कीटनाशक की आवश्यकता पड़ती है जब गन्ना विकास विभाग अलग से बना हुआ है तो कृषि विभाग के दिशा निर्देशों पर गन्ना समिति क्यों चल रही है कृषि विभाग में रवि और खरीफ की फसलों की खाद की लिमिट होती है जिसका विभाग अलग है गन्ना विभाग का मंत्री अलग है समिति में कर्ज लेने वाले किसानों की कर्ज लिमिट बनी हुई है तो लिमिट के बराबर इच्छुक किसानों को खाद मिलनी चाहिए यूरिया न मिलने के कारण किसान काफी परेशान है। गन्ने की खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है दिन प्रतिदिन महंगाई बढ़ रही है जिससे किसानों की लागत काफी महंगी होती जा रही है जिससे गन्ने का क्षेत्रफल लगातार घट रहा है गाने की खेती से किसानों का मोह भंग हो रहा है इसलिए आवश्यक है विधानसभा चुनावी वर्ष में गन्ने का मूल्य कम से कम500 प्रति कुंतल घोषित किया जाए। अस्वीकृत गन्ना प्रजाति का उत्तर प्रदेश सरकार ने गत वर्ष में मूल्य नहीं बढ़ाया जिससे किसान काफी नाराज है कोई भी गन्ना प्रजाति अगर विलोपित की जाती है तो उसको खत्म करने में तीन से चार वर्ष लग जाते हैं इसलिए आवश्यक है 2 वर्ष पहले जिस प्रकार से अस्वीकृत करने प्रजाति का अर्ली प्रजाति से अंतर 25 प्रति कुंतल था वह बरकरार रखा जाए इस वर्ष अर्ली से ?25 कम अस्वीकृत गन्ना प्रजाति का मूल्य घोषित किया जाए। बजाज ग्रुप ने समय से भुगतान न करने की आदत बना ली है इसलिए आवश्यक है माननीय न्यायपालिका के आदेश और गन्ना अधिनियम के अनुसार विलंब भुगतान पर ब्याज की मांग प्रस्ताव पारित कर की जाए पहले ब्याज का पैसा किसानों को दिलाया जाए जब तक इसे ब्याज नहीं लिया जाएगा बजाज ग्रुप समय से भुगतान नहीं करेगा। गन्ना विकास समिति के द्वारा समस्त डेलीगेटों को आय व्यय और समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण पत्रिका के माध्यम से हर वर्ष दिया जाए। इस मौके पर गन्ना समिति का समस्त प्रतिनिधि मंडल बजाज ग्रुप के जीएम अन्य अधिकारी गण बलराम ग्रुप के गम अन्य अधिकारी गण गन्ना समिति के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण काफी संख्या में डेली गेट किसान साथी उपस्थित रहे।




## लेने निकले बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर(शाहजहांपुर)।** दवा लेने के लिए घर से निकले एक बुजुर्ग की सोमवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सुनौरा अजमतपुर निवासी 85 वर्षीय राजेंद्र सिंह सोमवार सुबह बरेली दवा लेने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उनके पुत्र कमलेश उन्हें रेलवे स्टेशन छोड़कर वापस घर लौट आए। बताया जा रहा है कि ट्रेन का इंतजार करने के बजाय वह स्टेशन से आगे चीनी मिल की ओर चले गए। सुबह करीब 10 बजे जननायक ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जीआरपी और स्थानीय पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी पहुंच गए। बुजुर्ग की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के पुत्र कमलेश ने बताया कि उनके पिता काफी समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने जांच के दौरान पास की मजार पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें बुजुर्ग अकेले रेलवे ट्रैक की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस को मृतक के पास से एक पर्ची भी मिली है, जिसमें बीमारी और मानसिक परेशानी का उल्लेख होने की बात कही जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**भदोही।** जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के नेतृत्व में सोमवार को विकास खंड सुरियावां क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर खण्ड विकास अधिकारी सुरियावां के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । कांग्रेस नेताओं ने सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, जल निकासी, रेलवे फाटक एवं अतिक्रमण जैसी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार में गांवों की मूलभूत समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जबकि अधिकारी गंभीर नहीं हैं। समस्याओं का समाधान न होने पर कांग्रेस बड़ा जनआंदोलन करेगी। ज्ञापन में अबरना पुलिया निर्माण, सुरियावां सीएचसी में एक्स-रे व विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था, जल जीवन मिशन कार्य पूर्ण कराने, संपर्क मार्ग निर्माण एवं अतिक्रमण हटाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इस दौरान दिलीप मिश्रा, प्रेम बिहारी उपाध्याय, सुरेश चौहान, त्रिलोकीनाथ बिंद, नाजिम अली समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आयुष आपके द्वार के तहत तेंदुआई गांव मे लगाया गया कैप




**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** आयुष आपके द्वार के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी लखीमपुर खीरी के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जडौरा द्वारा तेंदुआई गांव में निशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया शिविर के दौरान में दो पटल लगायें गये पटल नंबर वन पर 26 मरीज व पटल नंबर 2 पर 16 मरीजों स्वस्थ परीक्षण के पश्चात उनको निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई जिसमें वृद्ध व विकलांग मरीजों की पटल को अलग- लगाया गया, समस्त रोगियों को ग्रीष्म ऋतु में गर्मी से बचने के लिए डा हरिशंकर वर्मा ने बताया कि सिर पर कपड़ा रखने के लिए कहा गया, सफेद सूती कपड़े पहनें और लौकी, तुरई, खीरा, ककड़ी, खरबूजा का अत्यधिक व पानी का सेवन करें, कम से कम पूरे दिन मे 3 से 5 लीटर पानी पिए, छायादार बृक्ष व छायादार जगह मे बैठे, तेज धूप में बाहर न निकले आंधी तूफान से बचने का प्रयास करें हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान मनोज वर्मा,फार्मासिस्ट अनंग पाल चौधरी मौके पर मौजूद रहे।

## आई जी आर एस पोर्टल पर शिकायत के वाबजूद नहीं कराई जा रहीं जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** भले ही सूबे की सरकार के मुखिया और जिला प्रशासन बड़े बड़े दावे और वादे कर रहे हो लकिन वन प्रभाग उत्तरी के के अंतर्गत वन रेंज मैलानी के रेंजर पर शासन के आदेशो का असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वन बीट जटपुरा और सलेमपुर के अंतर्गत कंपार्टमेंट 08,09,10,11, में वन दरोगा, फॉरेस्ट गार्ड की मिलीभगत से जमकर सागौन की लकड़ी का कटान कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।बताया जाता है कि लकड़कट्टो और वन दरोगा, फॉरेस्ट गार्ड की साठगांठ से जंगल का दोहन किया जा रहा है जिससे वन संपदा को भारी क्षति पहुंची है।वन दरोगा राजा राम तिवारी और फॉरेस्ट गार्ड हरेन्द्र यादव द्वारा वन बीट में वाटर पूल बनवाए वगैर और उस पर बोरिंग कराए वगैर ही काग़ज़ों पर बोरिंग दिखाकर सरकार से आए धन को हजम कर लिए जाने के आरोप लगाये गये हैं सूत्रों का कहना है इस खेल में रेंजर मैलानी की भूमिका सवालों के घेरे में हैं। सरकार द्वारा वाटर पूल में पानी भरने को खरीदे गए पम्प सेट को भी कबाड़ में बेच दिए जाने के आरोप वन दरोगा राजा राम तिवारी पर लगाये जा रहे हैं।कंपार्टमेंट 08,09,10,11,में लगी मुड़ढी चीख चीख कर भ्रस्टाचार की दास्तान स्वयं बयां कर रहीं हैं। इस खेल की जानकारी रेंजर मैलानी को भी है लकिन सभी मौन साढ़े बैठे सब कुछ होते देख रहे हैं आज तक कोई कार्रवाई अमल में न लाया जाना साहब की मौन स्वीकृत होने की ओर संदेह पैदा करता है। यदि मामले की डी. एफ. ओ . नार्थ करा ले कुम्बिंग तो होगा दुध का दुध और पानी का पानी।

मामले की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। जिससे हो रहे वन संपदा के क्षरण को रोका जा सके तथा सरकारी खजाने को लग रहे लाखों के राजस्व का चूना पर लगाम लग सके।अब देखना है कि मामले में डी एफ ओ . उत्तरी द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है करवाई जाती हैं कुम्बिंग या यू ही लीपापोती कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा। फ़िलहाल मामले में सोमवार को मिलने का समय डी एफ ओ नार्थ द्वारा दिया गया है।

## भीखमपुर डाटपुर में खुद इंटलॉकिंग और खड़ंजों पर अवैध कब्जा कर दबा ली सड़के

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड बांकेगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम भीखमपुर डाटपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है, यहाँ केशवराम और भाईलाल उर्फ़ अन्नू द्वारा ग्रामीणों को भड़काकर खुद पूरे खड़ंजे और इंटरलाकिंग पर अवैध कब्जा जमाया गया है, लेकिन अपनी दबंगई और रसूख के बल पर वे दूसरों को प्रताड़ित करने और उन पर झूठे आरोप लगाने में मशगूल हैं। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भीखमपुर डाटपुर के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते खड़ंजों और सड़कों को अपनी जागीर समझकर उस पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। खुद कानून की धज्जियां उड़ाने के बावजूद, ये लोग गाँव के ही कुछ सीधे-साधे व्यक्तियों पर अवैध कब्जे का ठीकरा फोड़ रहे हैं। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने कई बार भारी जमावड़ा (भीड़) इकट्ठा कर पीड़ित पक्ष को मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दबंगई के दम पर माहौल को तनावपूर्ण बनाया जा रहा है ताकि कोई इनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत न कर सके। अपनी चोरी और सीनाजोरी को छिपाने के लिए इन अतिक्रमणकारियों ने एक नया पैंतरा अपनाया है। खुद खड़ंजों पर अवैध कब्जा करने वाले ये लोग अब पुलिस, स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। झूठी शिकायतें और मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने की पुरजोर कोशिश की जा रही है, ताकि असली मुद्दा यानी 'सड़क पर इनका खुद का अवैध कब्जा' दबा रहे। सवाल यह उठता है कि, जब पूरे गाँव की सड़कों पर खुद ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रखा है, तो वे किस हैसियत से दूसरों पर उंगली उठा रहे हैं पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी के दावों के बीच, गाँव में भारी जमावड़ा लगाकर किसी को प्रताड़ित करने की छूट किसने दी? क्या पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करेंगे, या दबंगों की झूठी शिकायतों के आधार पर एकतरफा कार्रवाई होगी बड़ा सवाल यह उठता है, देखना यह है कि लखीमपुर खीरी का जिला प्रशासन और बांकेगंज ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी इस दोहरे मापदंड और दबंगई पर क्या रुख अपनाते हैं। क्या भीखमपुर गाव की खड़ंजो,इंटरलाकिंग को इस अवैध कब्जे से मुक्ति मिलेगी और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलेगा या फिर रसूखदारों का यह 'झूठ का खेल' यूँ ही चलता रहेगा?





### मुठभेड़ के दौरान लुटेरा गैंग के तीन शातिर चढ़े ईसानगर पुलिस के हत्थे

**लखीमपुर खीरी-** पुलिस ने मुठभेड़ के बाद सक्रिय लुटेरा गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में थाना ईसानगर क्षेत्र के हसनपुर कटौली निवासी सादान और महताब तथा सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकटिहा निवासी रेहान शामिल हैं। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से लूट की बाइकें, मोबाइल, नगदी, अवैध तमंचे और चाकू बरामद हुए हैं। कार्रवाई थाना कोतवाली सदर और थाना खीरी पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

# नव नियुक्त सहायक आचार्यों एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं को मुख्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

● बोले- समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, हज़ारीबाग:-** हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह में नव नियुक्त इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों तथा आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह में उत्साह, उमंग और गौरव का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने कक्षा 01 से 05 तक के लिए 160 तथा कक्षा 06 से 08 तक के लिए 156 सहायक आचार्यों एवं 17 आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। समारोह को संबोधित करते हुए हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह अवसर केवल नव नियुक्त अभ्यर्थियों के लिए गौरव का क्षण नहीं, बल्कि राज्य के समग्र और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल नौकरी नहीं बल्कि समाज और राज्य के विकास की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं, वहीं महिला पर्यवेक्षकाएं महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार का फोकस:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी सुधार सुनिश्चित किया जा रहा है। उनका कहना था कि वर्षों से शिक्षा व्यवस्था पर लगे कलंक को मिटाने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण नियुक्तियां प्रभावित हो रही हैं, लेकिन झारखंड सरकार ने पिछले चार महीनों में शिक्षा विभाग में 9 हजार से अधिक और बीते दो वर्षों में 16 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार दिया है। इसके अलावा पूर्व के कार्यकाल में सरकारी, अनुबंध एवं निजी संस्थानों में करीब दो लाख से अधिक नियुक्तियां की गई हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ शिक्षक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाने से कतराते हैं, लेकिन ऐसी सोच से राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से दुर्गम क्षेत्रों में जाकर बच्चों के भविष्य को संवारने का आह्वान किया।

**मंईयाँ सम्मान योजना से महिलाओं का बढ़ रहा सशक्तिकरण:**

हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को मुख्यधारा में शामिल किए बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के तहत राज्य की लगभग 60 लाख महिलाओं को हर माह वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का लाभ लेकर कई बेटियां आज कलेक्टर जैसे पदों तक पहुंच रही हैं।

उन्होंने कहा कि अब वह समय बीत चुका है जब महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक सीमित रखा जाता था। आज महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

**दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों को तराशने की जिम्मेदारी:**

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि उन्हें ऐसे क्षेत्रों में कार्य करना होगा जहां परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होंगी। उन्होंने बच्चों की तुलना कच्ची मिट्टी से करते हुए कहा कि उन्हें तराशने और उनका भविष्य संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में कुपोषण जैसी समस्याओं से निपटना भी हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। समारोह में राधा कृष्ण किशोर, संजय प्रसाद यादव, अविनाश कुमार, उमा शंकर सिंह, मनोज कुमार रंजन सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, नवनियुक्त अभ्यर्थी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी की मां जैबुन निशा का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

● बरही प्रमुख मनोज रजक सहित कई गणमान्य लोगों ने नम आंखों से दी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के छोटकी बरही निवासी एवं रसोईया धमना पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी की माता जैबुन निशा के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की खबर फैलते ही गांव और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उनके आवास पहुंचने लगे। बताया गया कि जैबुन निशा अपने सादगीपूर्ण जीवन, मिलनसार स्वभाव और समाजसेवा के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने मायके में माता-पिता की लंबे समय तक सेवा की और पिता को बेटे की कमी महसूस नहीं होने दी। वहीं ससुराल पक्ष के लोगों की भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा करती रहीं। इसी कारण गांव और समाज में उन्हें काफी सम्मान और लोकप्रियता प्राप्त थी। परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी और लोगों की भलाई में बिताया। उनके पांच पुत्र हैं, जिनमें मो. निजामुद्दीन अंसारी, मो. कुद्दुस, मो. यूनुस, मो. अय्यूब और मो. तैयब अंसारी शामिल हैं। मो. तैयब अंसारी वर्तमान में रसोईया धमना पंचायत समिति सदस्य हैं। परिवार के सभी सदस्यों के सरल स्वभाव और सामाजिक व्यवहार की क्षेत्र में सराहना की जाती है, जिसके कारण वे सभी जाति और धर्म के लोगों के बीच लोकप्रिय हैं।जैबुन निशा के निधन की सूचना मिलते ही दूर-दराज से रिश्तेदार और शुभचिंतक अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। उनका जनाजा एवं सुपुर्द-ए-खाक रसोईया धमना कब्रिस्तान में किया गया। इस दौरान बरही प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, हाजी सज्जाद अंसारी, हाजी सकुर, मो. रज्जाक, अब्दुल सत्तार, बब्लू खान, मो. वारिस, रिजवान अली, डॉ. राजुद्दीन, मो. खलील, मो. तौकीर रजा, मो. सरफराज आलम, मो. अख्तर, गुलाम मुस्तफा, मो. बेलाल, मो. तस्लीम, मो. मकसूद, मो. तबरेज अंसारी, मो. इम्तियाज, मो. शोहेल, मो. मुमताज, मो. मोईन, मो. कमरुद्दीन, मो. अकबर, मो. प्रवेज, मो. रफीक, मो. सेराज, मो. नौशाद, मो. शहंशाह, मो. एहसान, मो. खुर्शीद और मो. मनोवार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दुआ की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीवीटीजी अभियान के तहत मिरगा और नावाडीह में लगा विशेष शिविर, ग्रामीणों ने जमा किए आवेदन



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर प्रखंड के यूपीएस मिरगा एवं पंचायत मंडप नावाडीह में सोमवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीवीटीजी) के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड तथा पेंशन से संबंधित मामलों के लिए आवेदन जमा किए। अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में मुखिया कृष्णा सोरेन, दिलीप बास्की, निरंजन मिश्रा, पंचायत सचिव सुचिता मरांडी, विक्की पांडेय, चंदन कुमार दास, मनोज हेम्ब्रम समेत कई लोग मौजूद थे।

### देश की अर्थव्यवस्था में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका : अभिनव सिद्धार्थ भगत



**लोहरदगा, झारखंड:-** लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड के भौरों ग्राम में किसानों को आधुनिक खेती एवं उन्नत बीजों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पायनियर सीड्स द्वारा 'किसान सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पायनियर धान की खेती कर उत्कृष्ट उत्पादन हासिल करने वाले प्रगतिशील किसानों को स्प्रे मशीन (दवा छिड़काव मशीन), साइकिल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित हजारों किसानों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।नई तकनीक और उन्नत बीजों के सामंजस्य से कृषि क्षेत्र में लगातार सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने किसानों को पारंपरिक ढर्रे से निकलकर आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, धान की उन्नत खेती, रोग नियंत्रण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा बेहतर उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी साझा की।

अपने संबोधन में अभिनव सिद्धार्थ भगत ने किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी किसान भाई सरकारी योजनाओं का निरंतर लाभ उठाने के लिए अपने किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट) और बैंक खातों की केवाईसी (KYC) को हमेशा अपडेट रखें। समय पर केसीसी का नवीनीकरण और केवाईसी अपडेट होने से न केवल बैंकिंग कार्यों में आसानी होती है, बल्कि किसी भी सरकारी अनुदान या आपदा राहत राशि को सीधे खाते में आने में कोई तकनीकी रुकावट नहीं आती। समारोह में उन किसानों की विशेष सराहना की गई जिन्होंने पायनियर धान के बीजों का उपयोग कर क्षेत्र में रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त किया है। इस भव्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्थानीय किसान, कृषि विशेषज्ञ और ग्रामीण उपस्थित थे। मुखिया जगजीवन उराव, वर्गीय जिला उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी, प्रखंड उपाध्यक्ष रिजवान अंसारी, MDR साबिर अंसारी, MDR अजय रविदास, MDR जय प्रकाश राम, MDR संजय प्रसाद, MDR रकीब अंसारी, MDR राजू साहू आदि लोग मौजूद थे।

# भीषण गर्मी में आमजनों को मिली राहत

● सारठ में दो वाटर चिलर मशीनों का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सारठ, देवघर, झारखंड:-** अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त एवं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सहयोग से सारठ क्षेत्र में दो वाटर चिलर मशीनों का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सारठ के विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ़ चुन्ना सिंह ने किया। क्लब से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वाटर चिलर मशीन बाभनगामा चौक स्थित शीतला मंदिर परिसर में तथा दूसरी सारठ चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित की गई है। इस पहल से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजनों को भीषण गर्मी के दौरान शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर विधायक उदय शंकर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की जनकल्याणकारी पहल समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है तथा इससे आम लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। उन्होंने अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट एवं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के इस प्रयास की सराहना की। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य लोगों को वास्तविक राहत पहुंचाने का कार्य करते हैं तथा क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार की जनहितकारी पहल निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गर्मी के मौसम में आमजनों को काफी सुविधा मिलेगी तथा लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मौके पर लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, संयुक्त सचिव लायन राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, लायन विनोद लच्छीरामका सहित बाभनगामा एवं सारठ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग में डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल बना आत्मरक्षा और अनुशासन का केंद्र

● ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों ने दिखाया अद्भुत आत्मविश्वास और प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग के शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक वातावरण के लिए प्रसिद्ध डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल एक बार फिर विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और खेल भावना का प्रेरणादायी केंद्र बनकर उभरा। मंगलवार को विद्यालय परिसर में हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में आयोजित ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे परिसर में खिलाड़ियों का जोश, प्रशिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों का उत्साह देखने योग्य था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजेश राज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के समय में ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह बच्चों को आत्मरक्षा के साथ-साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल सदैव शिक्षा के साथ-साथ खेल, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को समान महत्व देता आया है। विद्यालय का विशाल एवं सुव्यवस्थित परिसर पूरे आयोजन के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा। डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल का अनुशासित वातावरण, स्वच्छ कैंपस, आधुनिक सुविधाएँ, खेल गतिविधियों के प्रति समर्पण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता हर आगंतुक को प्रभावित कर रही थी। विद्यालय के प्रांगण में खिलाड़ियों द्वारा किए गए ताइक्वांडो प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। इस परीक्षा में लगभग 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न तकनीकी कौशल, किक्स, ब्लॉक्स, फाइटिंग तकनीकों और सेल्फ डिफेंस के शानदार प्रदर्शन से अपनी तैयारी और आत्मविश्वास का परिचय दिया। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ खिलाड़ियों तक सभी ने अनुशासन और ऊर्जा के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की फुर्ती, संतुलन और एकाग्रता ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक एवं कोच आलोक रंजन के निर्देशन में किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास ही किसी खिलाड़ी को ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। उन्होंने यह भी कहा कि डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल के विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। शिक्षकों, वार्डनों और सहयोगी कर्मचारियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन और खेल गतिविधियों के प्रति समर्पण की खुलकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन पर सफल खिलाड़ियों को कलर बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खिलाड़ियों के चेहरों पर सफलता की खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दे रहा था। यह आयोजन केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मबल, साहस और व्यक्तित्व विकास का एक प्रेरणादायी उत्सव बन गया। डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को मजबूत, आत्मनिर्भर और अनुशासित नागरिक बनाने की दिशा में विद्यालय निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

# स्वर्गीय ज्योतिन प्रकाश की 26वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्वर्गीय ज्योतिन प्रकाश की 26वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजन में हवन, पूजन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने स्व. ज्योतिन प्रकाश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। इस अवसर पर सीमा शुल्क आयुक्त प्रशांत कुमार सिन्हा ने अपने पिता स्व. ज्योतिन प्रकाश को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर समाज सेवा, शिक्षा और धार्मिक कार्यों को प्राथमिकता दी। उनके आदर्श आज भी परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्व. ज्योतिन प्रकाश के मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही ज्ञानज्योति कॉलेज की स्थापना हुई, जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रशांत कुमार सिन्हा ने अपनी पत्नी पूनम सिन्हा एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्व. ज्योतिन प्रकाश की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उपस्थित वृद्धजनों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा और सम्मान की भावना देखने को मिली। श्रद्धांजलि सभा में शहर के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में भूतपूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, महापौर अरविंद कुमार राणा, बालेश्वर मेहता, विनोद मेहता, जय नारायण, विनोद झुनझुनवाला, भैया अभिमन्यु, नागेश्वर मेहता, सतीश चंद्र प्रसाद, अजीत देव, जय कुशवाहा, शीतल देव, अरविंद चौधरी, दीप नारायण चौधरी, डॉ. देवेंद्र सिंह देव, अजय साव, राजीव सिंह, शशिकांत ओझा, बसंत कुमार, रिचा रानी, सतीश सिन्हा, सुनील सिन्हा, सुधीर सिंह, देबू जैन, मनोज रंजन, अनुभव कुमार, अमरदीप कुमार, विकास कुशवाहा, प्रदीप प्रजापति, संतोष कुमार, श्यामानंद तिवारी, बीना अखौरी, रेखा कुमारी, सुनीता रंजन, मीनू सिन्हा एवं सतीश प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने स्व. ज्योतिन प्रकाश के समाज, शिक्षा एवं धार्मिक क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में समर कैंप का आयोजन,बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा अरुण से द्वितीय तक के भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, प्रबंधकारिणी समिति के पदेन सदस्य एवं साहु समाज के मुखिया सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार तथा इंटर कॉलेज के प्रोफेसर राम पदारथ शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथियों का परिचय कार्यक्रम प्रभारी राजू जी ने कराया। समर कैंप के अंतर्गत बच्चों के लिए रंगमंच, चाट मेकिंग, क्राफ्टिंग, विभिन्न खेल गतिविधियां एवं तरणताल जैसी रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी भैया-बहनों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारना तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं उत्साह के साथ नई-नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर राम पदारथ शर्मा ने बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने दानवीर भामाशाह के त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समापन रश्मि दीदीजी की देखरेख में संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को बच्चों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### मजदूरी से कम हुई कमाई तो शराब तस्करी में उतरे 2 किशोर

**मुजफ्फरपुर।** फैक्ट्री में काम कर कम मजदूरी मिलने पर दो किशोरों ने जल्दी पैसा कमाने के लिए ट्रेन से शराब तस्करी का रास्ता चुन लिया। वह भी राजधानी एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेन से।एक बार में तो उसने 50 हजार की कमाई कर ली, लेकिन लालच में आकर दूसरी बार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी ने मुजफ्फरपुर जंक्शन पर दोनों किशोरों को सौ बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों किशोर पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी के रहनेवाले है। दोनों लखनऊ से नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस से शराब लेकर मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंचे थे। ट्रेन से उतरते ही प्लेटफॉर्म पर पहले से निगरानी कर रही जीआरपी टीम ने दोनों को संदिग्ध स्थिति में दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके दो ट्रॉली बैग व दो झोले से आरसी ब्रांड की शराब जब्त की गई। पूछताछ में किशोरों ने बताया कि वे फैक्ट्री में काम करते थे, लेकिन वहां कम पैसा मिलने से शराब तस्करी का मन बनाया। बताया कि पहले भी एक बार शराब की खेप लाकर बेच चुके हैं। उसमें करीब 50 हजार रुपये की कमाई हुई थी। इसी लालच में दूसरी बार फिर लखनऊ से शराब खरीदकर ला रहे थे। जीआरपी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि दोनों जंक्शन पर उतरने के बाद आटो रिजर्व कर मोतिहारी जाने वाले थे। पूछताछ में सामने आया कि राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा करने के लिए एक महीने पहले ही कंफर्म टिकट बुक कराया था।

### मुजफ्फरपुर में लखनदेई नदी में डूबने से अधेड़ की मौत, रविवार से था लापता

जिले के औराई प्रखंड में लखनदेई नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतक रविवार दोपहर बाद से ही लापता था। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान औराई प्रखंड के बभनगामा पंचायत अंतर्गत बभनगामा पूर्वी निवासी धनेश्वर राय के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह रविवार दोपहर बाद घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उनकी मौत लखनदेई नदी में डूबने से हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर के समीप सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मंझलाडीह निवासी मोहम्मद रजाक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद रजाक बाइक से नारायणपुर से जामताड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर पहुंचाया गया। वहां डॉ. अर्णव चक्रवर्ती ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों एवं प्रशासन की तत्परता से नारायणपुर बस स्टैंड मोड़ के पास कार को रोक लिया गया। पुलिस ने कार और चालक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे जानमाल का नुकसान हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# बाइक से चोरी कर कबाड़ी दुकान में बेच रहे थे सामान, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मकान निर्माण में लगी लोहे की प्लेट चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में 17 मई 2026 को सदर थाना पुलिस ने ग्वाल टोली चौक इलाके में छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनिल यादव के मकान निर्माण में लगी लोहे की प्लेट चोरी कर मोटरसाइकिल से कबाड़ी दुकान में बेची जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सुरेन्द्र भुईयां 34 वर्ष, निवासी बाली बोदरा, थाना चुरचु को घटनास्थल से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौनिया गाड़ा स्थित एक कबाड़ी दुकान से चोरी की गई दो लोहे की प्लेट बरामद की। इस मामले में कबाड़ी दुकान मालिक राजेन्द्र प्रसाद 56 वर्ष, निवासी बभनबैय को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई हीरो होंडा मोटरसाइकिल नंबर क्क्र 14ष्ठ-5819 भी जब्त कर ली है। सदर थाना में कांड संख्या 130/26 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इसके अलावा पुलिस ने पुराने संपत्ति संबंधित मामले में भी कार्रवाई करते हुए कटकमदाग निवासी श्रीकांत सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस छापेमारी अभियान में सदर एसडीपीओ अमित आनंद, थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार, अजीत कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यापारी सुरक्षा सुदृढ़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में व्यापारियों/सर्राफा व्यापारियों के साथ गोष्ठी सम्पन्न



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सोमवार दिनांक 18.05.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में जिलाधिकारी चर्चित गैड़ एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के संबंध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, सर्राफा व्यापारियों, उद्यमियों, पेट्रोल पम्प स्वामियों एवं बैंक मित्रों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने की अपील की गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। साथ ही व्यापारियों एवं अन्य प्रतिभागियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल



**कोंच(जालौन)-** बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला मालवीय नगर निवासी विक्रम सिंह अहिरवार (32) रविवार रात अपनी ससुराल ग्राम खूजा जा रहा था। तभी कोंच-कैलिया सड़क मार्ग पर दोहर के आगे स्थित मोड़ के पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवक ने यूपी-112 पर कॉल कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। चिकित्सकों ने उसके पैर में फ्रैक्चर होना बताया है।

### हाइवे किनारे केले के कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**आग की ऊंची लपटों से मचा हड़कंप, दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू**



जलता हुआ गोदाम, जले रुपये दिखाते व्यापारी

**ललितपुर।** हाइवे स्थित नहर के पास बने केले के गोदाम (कोल्ड स्टोरेज) में सोमवार को अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें कई फीट ऊंचाई तक उठती दिखाई दीं, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। बताया जा रहा है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में केले का स्टॉक और क्रेट रखे हुए थे। आग लगने के कारण देखते ही देखते पूरा गोदाम धुएं और आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि दूर से ही धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। प्राथमिक जानकारी के अनुसार गोदाम के मालिक बदायूं निवासी बताए जा रहे हैं। घटना में गोदाम में रखा लगभग 10 लाख रुपये नकद और करीब 5 हजार क्रेट जलकर नष्ट हो गए। अनुमानित तौर पर कुल 40 से 50 लाख रुपये तक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों और संपत्तियों को नुकसान होने से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक हड़कंप का माहौल बना रहा।

## पीएचसी कचनरवा में डॉक्टर नदारद, लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**● हॉस्पिटल में सुविधाओं का टोटा, संबंधित विभाग मौन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन/सोनभद्र-** नव सृजित विकास खण्ड कोन/सीएचसी चोपन अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कचनारवा चिकित्सक विहीन है। बतातें चलें कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर एक फर्मासिस्ट, एक संविदा एएनम, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक चिकित्सक की नियुक्ति है पर विडंबना है कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक वर्षो से लगभग समय गायब रहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार चिकित्साधिकारी महीनें में कभी एक दिन के लिए आकर महीने भर की कागजी कोरम पूरा कर लेते हैं। जिसके क्रम में सोमवार को स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार प्रदर्शन कर चिकित्सक की नियमित ड्यूटी लगाने व ऐसे लापरवाह चिकित्साधिकारी के उपर नकेल कसने की मांग किया है। वहीं वरिष्ट समाज सेवी जोखन प्रसाद व गंगा प्रसाद सहित कैलास राम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी के उपर आरोप लगाया है कि पीएचसी कचनारवा पर जब चिकित्सक की ड्यूटी है तो आखिर किन कारणों से हॉस्पिटल में नहीं दिखते हैं जबकि स्थानीय लोग ईलाज के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं और झोला छाप डॉक्टरों की शरण में जाकर जान तक गंवाने को मजबूर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था पर सवालिया निशान लगना लाजिमी हैं। गौरतलब है कि पीएचसी कचनारवा लगभग 12 किलोमीटर चारों तरफ से घिरा है यहाँ भोली भाली जनता ईलाज के लिए परेशान है पर विभाग के कान तक इसकी आवाज सुनाई नहीं दे रही है और वहीं इन दिनों हॉस्पिटल अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है यहाँ न तो शौचालय का व्यवस्था सही और न ही कैंपस में बिजली की व्यवस्था। विषम परिस्थितियों में रात में आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बतादें कि यहाँ चारों तरफ झाड़ी व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहाँ एक तरफ प्रदेश के यश्ववी मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री गरीबों के स्वास्थ्य सेवा के लिए कटिवद्ध हैं वहीं ऐसे गैर जिम्मेदार चिकित्सक के द्वारा लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो जनहित में नहीं है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जोखन प्रसाद, बिहारी प्रसाद यादव, गंगा प्रसाद,अमरकेश, कैलास, रघुवर प्रसाद आदि शामिल रहे। वहीं पीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी कचनारवा से सेल फोन पर पक्ष जानने का प्रयास किया गया किन्तु कॉल रीसीव नहीं हुआ बल्कि उन्होंने अपने फर्मासिस्ट को कॉल करके जानकारी जरूर ली किन्तु पत्रकारों से बात करना उचित नहीं समझा। इस बावत सी एच सी अधीक्षक चोपन ने कहा कि पता करते हैं आखिर वास्तविकता क्या है। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर पी के राय ने सेल फोन पर बताया कि पता करते हैं। आखिर सबसे बड़ा सवाल कि शीर्ष पद पर बैठे अधिकारियों को इसकी जानकारी कैसे नहीं है। लोगों के जेहन में सवाल है कि क्या लोगों को चिकित्सा सुविधा मिल पायेगी या लोग झोला छाप डॉक्टरों की शरण में जाकर अपनी जान गंवाते रहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी से मांग किया है कि ऐसे लापरवाह डॉक्टर को तत्काल बर्खास्त कर अन्य डॉक्टर की नियुक्ति की जाय।

## सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में शिशु और बालिका विद्या मंदिर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** भारतीय शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा 2025-26 के घोषित परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर मंडी कोंच के कक्षा पंचम के छात्र अनघ मिश्रा पुत्र प्रो.अतुल मिश्रा ने प्रांत स्तर पर 17वां स्थान प्राप्त किया, साथ ही सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी कोंच की कक्षा अष्टम की छात्रा अनन्या पुत्री धीरज कुमार और अनुष्का पुत्री मनोज ने भी यह परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त से परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर शिशु कल्याण समिति कोंच के अध्यक्ष आर वी मिश्रा ने उक्त छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा एवं शिशु मंदिर प्रभारी ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभाशीष देते हुए उन्हें बधाई दी। आचार्य पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा गुप्ता, शिवानी सिंह, ज्योति गुप्ता, रंजना तिवारी, तान्या व्यास, प्रतीक्षा रेजा, आकांक्षा सिंह, जीतेन्द्र सिंह, मनीष अग्रवाल, गौत्तम पटेल, वंदना अवस्थी, रवि कुमार, विनीत खरे, मृदुल दुबे, सतीश पाण्डेय, कृष्णकुमार, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द, अंजना, आकांक्षा दीक्षित, सरिता, साधना, योगेश, अंकित पटेल, दीक्षा, आदित्य कुमार, शुभम अग्रवाल आदि ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की।

### ईद-उल-अजहा 28 को मनाई जाएगी

**कोंच(जालौन)-** मुस्लिम धर्म का प्रमुख त्योहार ईद-उल-अजहा आगामी 28 मई को मनाया जाएगा। तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी ने एक जानकारी में बताया कि माहे जिलहिज्जा का मुबारक चाँद 29 जीकादा को नहीं दिखाई दिया है, इसलिये जिलहिज्जा की पहली तारीख 19 मई व ईद-उल-अज़्हा (बक़रीद) 28 मई दिन जुमेरात गुरुवार को मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस्लामी साल के 12वें आखिरी माह जिलहिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है। इस्लाम धर्म का यह महत्वपूर्ण त्योहार पैगम्बर इब्राहीम अलैहिसलाम की अल्लाह के प्रति निष्ठा, बलिदान और कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। बकरीद पर ईदगाह सहित नगर की अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अज़्हा की नमाज अदा की जाएगी, इसके ठीक बाद कुर्बानियों का सिलसिला शुरू होगा जो तीन दिन तक चलेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तीन दिन तक चलने बाले इस अजीम त्योहार पर मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों के आसपास साफ-सफाई के साथ ही चूना डलवाया जाए और बिजली-पानी की उचित व्यवस्था की जाए।

## ट्रांसफार्मर की चिंगारी से लगी आग, बिजली केबिल जली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** ग्राम बरोदा खुर्द में सोमवार की दोपहर करीब दो बजे खेत के नजदीक लगे बिजली ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से बिजली केबिल जलकर खाक हो गई जिससे बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, गांव में खेत के किनारे काफी मात्रा में सूखा कूड़ा कचड़ा और घास-फूस एकत्रित थी। तेज धूप के बीच ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी कूड़ा कचड़ा पर गिरते ही आग लग गई। वहीं तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची थी कि ट्रांसफार्मर से जुड़ी बिजली की केबिल भी इसकी चपेट में आ गई और जलकर खाक हो गई। केबिल जलने से गांव के आधे से अधिक हिस्से की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों के सामने फिलहाल बिजली-पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं मौके पर जुटे ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बुझती न देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के खेतों और मकानों तक आग पहुंच सकती थी जिससे भारी नुकसान हो सकता था। उधर, घटना की सूचना बिजली विभाग को दे दी गई है और जलकर खाक हुई केबिल को बदल कर बिजली आपूर्ति बहाल करने में विभागीय कर्मी जुट गए हैं।

## अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और सोने के आयात पर नियंत्रण को लेकर प्रशासन सक्रिय

**● जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सर्राफा व्यापारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सराफा व्यापारियों के साथ बैठक करते डीएम-एसपी

**ललितपुर।** देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा सोने के आयात को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासन और सर्राफा व्यापारियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने संयुक्त रूप से की। बैठक का आयोजन राज्य कर विभाग की ओर से किया गया, जिसमें जनपद के सर्राफा व्यापारी, ज्वैलर्स एसोसिएशन, बुलियन कारोबारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति देना, विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को कम करना तथा सोने के आयात को नियंत्रित करना है। उन्होंने व्यापारियों को वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और विदेशी मुद्रा पर पड़ रहे दबाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए देशहित में स्वेच्छा से सोने एवं चांदी की बुलियन (ईंट/बिस्कुट) की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद व्यापारियों एवं सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रशासन की अपील पर अपनी सहमति जताते हुए आश्वासन दिया कि वे ग्राहकों को घर में रखी पुरानी ज्वैलरी को रिसाइकिल कर नई ज्वैलरी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया तथा शासन की अपील के अनुरूप सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारियों सहित सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सोनी (मज्जू सोनी), मनमोहन जड़िया, आनंद कुमार सोनी, मनोज सर्राफ, धर्मेंद्र जड़िया, अनूप जैन, अजय डयोडिया सहित बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

### सहायक कृत्रिम उपकरणों के लिए 42 दिव्यांग हुए चयनित

**कोंच(जालौन)-** सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों के वितरण हेतु दिव्यांगों का चयन किया गया, साथ ही शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं के प्रति दिव्यांगों को जागरूक किया गया। खंड विकास कार्यालय में सोमवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह एवं शैलेश कुमार गुप्ता की मौजूदगी में चिकित्सक डॉ दीपक आर्या, डॉ मनोज राजपूत, राकेश कुमार ने मौजूद दिव्यांगों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण के लिए चिन्हित किया।

प्रवीण कुमार ने बताया कि चिन्हित किए गए 42 दिव्यांगों को आगामी दिनों में ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट कैन, वैशाखी, छड़ी, बनावटी हांथ पैर, कैलीपर्स का वितरण किया जाएगा। वहीं, शिविर में दिव्यांगों को विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग पेंशन, कुष्ठवस्था पेंशन, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान निर्माण ऋण योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने दिव्यांगों से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनीं आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सोनभद्र पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## डीएवी का है संदेश, स्वच्छ सुन्दर हो भारत देश

**● महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के विचार को सशक्त करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बीजपुर/सोनभद्र-** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में स्वच्छता जागरूकता रैली महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के विचार को सशक्त करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आज 18 मई को भव्य स्वच्छता रैली निकली गई । सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अनन्त मोहन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दो अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय जन आंदोलन बन गया है। 'ना गन्दगी करेंगे, ना गंदगी करने देंगे' का मंत्र लोगों ने अपनाया है। यह अभियान भारतीयों के व्यवहार में बदलाव लाने और स्वच्छता को एक जीवन शैली बनाने का एक बड़ा प्रयास है। यह विशाल रैली स्वच्छता के प्रति जनचेतना को आगे बढ़ाने हेतु विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों एवं छात्रों के बीच स्वच्छता, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अलख जगाना था। रैली में आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने हाथों में बैनर लिए 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत', 'गंदगी हटाओ- देश बचाओ', 'डीएवी का है संदेश- स्वच्छ सुंदर हो भारत देश', 'भारत को विकसित करना है तो, स्वच्छता को अपनाना होगा', 'एनटीपीसी का कहना है, स्वच्छता हमारा गहना है'' आदि गगन भेदी नारे लगा रहे थे। एनसीसी कैडेट्स ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने में विशेष भूमिका का निर्वहन किया। प्राचार्य श्री राजकुमार ने अपने संबोधन में कहा, यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है; बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली आदत है। उन्होंने कहा स्वच्छता को हमें अपनाना होगा, तभी भारत विकसित हो सकेगा। हमें बीमारियों से बचना है तो स्वच्छता उसका मूलाधार है। उन्होंने एनटीपीसी प्रबंधन को धन्यवाद दिया; जिसके सहयोग एवं प्रेरणा से यह अभियान टाउनशिप के अंदर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विशेष रूप से भाग लिया। डॉ0आर के झा, विजय कुमार तिवारी, डॉ0 राजेश कुमार श्रीवास्तव, जय सिंह, एसपी तिवारी, डीसी शुक्ला, सौरभ कुमार, रंजना सिंह, अरूण कुमार सिंह, शगुफ्ता शबनम, श्रद्धा ठाकरे, नम्रता चौधरी आदि के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## वकीलों पर नहीं, बल्कि संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है- जगजीवन सिंह

**● लखनऊ में वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किए जाने का मामला**

**● रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डीबीए सभागार में वकीलों ने आपात बैठक कर की निंदा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के सभागार में सोमवार को वकीलों की एक आपात बैठक हुई, जिसमें लखनऊ में वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक की गई लाठीचार्ज की घटना की निंदा की गई। साथ ही घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ है। लखनऊ में अपनी जायज मांगों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे वकीलों पर जिस प्रकार बर्बरता से लाठियां बरसाई गई, वह अत्यंत शर्मनाक है। यह केवल वकीलों पर नहीं, बल्कि संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है। सोनभद्र का प्रत्येक अधिवक्ता इस घटना से स्तब्ध और आक्रोशित है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं।

पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीके सिंह एडवोकेट ने कहा कि लखनऊ में वकीलों के ऊपर पुलिस द्वारा की गई बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, साथ ही दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि पुलिस का यह कृत्य तानाशाहीपूर्ण और अलोकतांत्रिक है।

सरकार को तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी पुलिसकर्मियों एवं आदेश देने वाले अधिकारियों को निलंबित कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। साथ ही घायल अधिवक्ताओं का समुचित दवा इलाज की व्यवस्था की जाए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट व संचालन पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता राजेश कुमार यादव, पवन कुमार सिंह, रियाज खान, विनीत श्रीवास्तव, रामगुल्ली यादव, टीटू कुमार गुप्ता, शाहनवाज आलम खान, कामता प्रसाद यादव, आदर्श देव पांडेय,सुरेश सिंह कुशवाहा, नवीन पांडेय, विनीता, चंद्रकला गिरी, सरस्वती देवी आदि मौजूद रही।

## महिला ने तमंचे की दम पर दुष्कर्म का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** तहसील कोंच और रेंढर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसके साथ दुष्कर्म करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि युवक ने घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें की, जब उसने विरोध किया तो युवक ने कनपटी पर तमंचा लगा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। न्याय मांगने महिला सोमवार को एसडीएम के यहां पहुंची और पूरे मामले की शिकायत की।

एसडीएम हेमंत पटेल को दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि 14 मई की रात्रि करीब आठ बजे उसका पति गांव में समोसा और पानी पूरी बेचने गया हुआ था जबकि वह घर पर अकेली थी, तभी गांव का ही रहने वाला युवक उसके घर आया और बोला कि समोसे दे दो। इस पर उसने (महिला) कहा कि समोसे खत्म हो गए हैं। इस पर वह उसके पीछे घर के भीतर चला आया। जब उसने युवक से कहा कि घर के अंदर कैसे आए तो वह उसके साथ अश्लीलता और अभद्रता करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो युवक ने तमंचा निकाल लिया और उसकी कनपटी पर सटाकर जबरिया उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। महिला ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम का कहना है कि संबंधित सीओ जालौन से वार्ता की गई है, उन्होंने बताया कि महिला से पहले उक्त आरोपी व्यक्ति द्वारा 13 मई को एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया गया था। महिला द्वारा 14 मई की घटना बताई जा रही है, फिर भी मामले की गहराई से सीओ को जांच कर कार्रवाई के लिए कहा गया है।

### मेला के बाहर से बाइक चोरी

**पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार**

**ललितपुर।** शहर के तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे मेले में उस समय हड़कंप मच गया, जब मेला देखने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा पुलिस को दे दी गई है। मोहल्ला तालाबपुरा, डोंडाघाट निवासी शंकर साहू पुत्र स्व.मथुरा प्रसाद साहू अपने परिवार के साथ मेला देखने तुवन मंदिर ग्राउंड पहुंचे थे।

उन्होंने अपनी डीलक्स बाइक संख्या यू.पी. 94 एम 3929 ग्राउंड के बाहर खड़ी कर दी और परिवार सहित मेला देखने अंदर चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक चोरों की तलाश की जा रही है।

## मकान स्व-गणना में निवारी और गुगरवारा ग्राम पंचायतों ने हासिल की शत-प्रतिशत सफलता

**● जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों व कार्मिकों को किया सम्मानित, अन्य ग्राम पंचायतों से अभियान पूर्ण करने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में चल रहे जनगणना अभियान के अंतर्गत मकान स्व-गणना कार्य में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायतों को सोमवार को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में पंचायती राज विभाग द्वारा विकास खंड महरौनी की ग्राम पंचायत निवारी तथा विकास खंड बार की ग्राम पंचायत गुगरवारा में शत-प्रतिशत मकान स्व-गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत गुगरवारा की ग्राम प्रधान द्रौपदी यादव, सचिव संजेश यादव तथा ग्राम पंचायत निवारी की ग्राम प्रधान नेहा बाजपेयी, सचिव हंसराज एवं खंड प्रेरक पुष्पेंद्र सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने सभी कार्मिकों और जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य जनसहभागिता और बेहतर समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिलाधिकारी ने बताया कि विकास खंड तालबेहट की ग्राम पंचायत गेवरा-गुंदेरा में मकान स्व- गणना का कार्य लगभग 70 प्रतिशत तथा विकास खंड बिरधा की ग्राम पंचायत मैरतीकलां में 50 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इन ग्राम पंचायतों में भी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के प्रधानों, सचिवों एवं ग्रामीणों से भी मकान स्व-गणना अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की अपील की। इस दौरान डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव ने बताया कि पंचायती राज



सराहना पत्र सौंपते डीएम

विभाग द्वारा पहले ग्राम प्रधानों और सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद खंड प्रेरक, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं सफाई कर्मियों की टीम बनाकर गांव-गांव जाकर परिवारों को ऑनलाइन मकान स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत निवारी में पंचायत सचिवालय पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार ग्रामीणों को जागरूक किया गया, जिससे अभियान को बड़ी सफलता मिली। जनपद में यह पहल डिजिटल जनगणना को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने हेतु अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने की बैठक



**कानपुर।** आगामी पर्व ईद को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज दिनांक 18.05.2026 को अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ0 विपिन ताडा द्वारा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों एवं संबंधित जनमानस से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। बैठक के दौरान सभी जोन के पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त एवं सहायक पुलिस आयुक्त मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से आए छ्रसिटी, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, बिजली विभाग (केस्को) तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे त्योहार के दिन किसी प्रकार की असुविधा अथवा अवरोध उत्पन्न न हो। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहार के दृष्टिगत क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु 03 जून तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए निःशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। वर्ष 2026-27 में इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिक संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 20 मई से 03 जून तक है।पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उ0 प्र0 की बेवसाइट www.obccomputertraining.upsdc.gov.inअथवाbackwardwelfareup.gov.in पर दिये गये लिंक से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### बसपा संगठन में कड़े तेवर

#### काम में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति को लेकर रविवार को जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार एवं मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईया ने की। इस दौरान पदाधिकारियों को पार्टी सुप्रीमो मायावती के आगामी रणनीतिक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। वहीं रामबाबू चिरगईया ने पदाधिकारियों को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जमीनी स्तर पर उतरकर संगठनात्मक कार्यों को गति दें। अगले 10 दिनों तक प्रत्येक गतिविधि की बारीकी से मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा न करने या लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तत्काल संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध, मंडल प्रभारी राम सिंह कुशवाहा, केहर सिंह गौतम, तनशुराम प्रधान, विधानसभा प्रभारी रामकिशन बैजनाथ, प्रेमपाल, अभिषेक गौतम, जिला संयोजक राकेश कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष संतोष अहिरवार, रामबगस अहिरवार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

# कानपुर पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के विरुद्ध चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 16.05.2026 से दिनांक 17.05.2026 तक एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 578 वाहनों का चालान किया गया।

चैकिंग अभियान में मुख्य रूप से दो पहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ट्रकों एवं भारी वाहनों में लगे अवैध हूटर एवं प्रेशर हॉर्न पर नियंत्रण पाने के लिए उन लोगों को सचेत किया गया। निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली/लाल बत्ती एवं हूटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। किसी भी नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों का मौके पर चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में किसी भी



प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

# थाना नौबस्ता पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा...

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** डीसीपी साउथ, एडिशनल डीसीपी साउथ एवं थाना नौबस्ता पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से एक सराहनीय कार्यवाही करते हुए अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया गया है। पुलिस टीम द्वारा कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके नाम सलीम, सानू एवं वाजिद हैं। अपर पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय संकल्प शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से कुल 13 चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं, जिनमें मोटरसाइकिल एवं स्कूटी शामिल हैं। बरामद वाहनों में से 8 वाहनों के संबंध में कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में अभियोग पंजीकृत पाए गए हैं।

अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि पूछताछ में प्रकाश में आया कि गैंग का एक सदस्य मोटरसाइकिल एवं स्कूटी चोरी करता था, जबकि दूसरा अभियुक्त मिस्त्री का कार्य करता था। तीसरा अभियुक्त सानू कबाड़ी का कार्य करता है, जो चोरी किए गए वाहनों को कटवाकर उनके पार्ट्स अलग-अलग बेचने का काम करता था व कुछ मोटरसाइकिल को अवैध तरीके से बेचते थे। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी प्रकाश में आया है। गिरफ्तार अभियुक्त सलीम एवं सानू के विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल लगभग 15 अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस द्वारा अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मोपेड से सड़क की तरफ गिरी महिला को कंटेनर ने कुचला, हुई दर्दनाक मौत

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात के मोहनगंज तिराहे पर अक्सर ई रिक्शा व टैंपो चालकों द्वारा सवारी उतारने व बैठाने के कारण जाम लग जाता है।रविवार को मोपेड से दंपत्ति शहर की तरफ जा रहा था कि उसकी पत्नी सड़क की तरफ गिर गई और पीछे लगा कंटेनर का पिछला चक्का उसको कुचलता हुआ निकल गया,जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।सांगीपुर थाना के पहाड़पुर निवासी रामदीन रजक अपनी 62 वर्षीय पत्नी को रविवार की सुबह मोपेड पर बैठाकर रानीगंज रिश्तेदार के यहां से वापस लौट रहा था कि मोहनगंज में लालगंज की तरफ से आ रहे कंटेनर, जिस पर तमिलनाडु का नम्बर प्लेट लगा था।मोपेड सवार दंपत्ति घबड़ाकर गिर गए। पति बाईं तरफ गिरा और पत्नी दाहिनी तरफ सड़क की ओर गिर गई और कंटेनर का पिछला चक्का उसको कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। बाजारवासियों ने कंटेनर को रोक लिया। पुलिस ने कंटेनर को हिरासत में लेते हुए शव को पीएम के लिए भेजा है।

# सीबीएसई 10वीं दूसरी बोर्ड परीक्षा का साइंस पेपर संपन्न

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार से शुरू हुई सीबीएसआई 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को साइंस का पेपर हुआ। प्रतापगढ़ के 4 केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जे एम जी पब्लिक स्कूल कालाकांकर और आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।कुल 47 स्कूलों के 1538 रजिस्टर्ड छात्रों में से 1443 उपस्थित और 95 अनुपस्थित रहे।

इस बार की परीक्षा में साइंस पेपर को प्रथम बोर्ड परीक्षा की तरह फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी के 3 अलग सेक्शन में बांटा गया। सीबीएसई का सख्त निर्देश निर्गत रहा कि हर सेक्शन के जवाब उसी सेक्शन में लिखने होंगे वरना कॉपी नहीं जांची जाएगी।न्यू एंजिल्स की चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने बताया कि अगली परीक्षा आज मंगलवार को हिंदी की परीक्षा होगी। 21 मई को सोशल साइंस के साथ परीक्षा होगी।

# वाह रे केस्को : पूरी रात कटौती, दिन में लो वोल्टेज ने बच्चों, बुजुर्गों व लोगों को तड़पा दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में केस्को की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। सनिगवां रोड स्थित चन्द्रनगरी फर्स्ट में दो दिन से बिजली कटौती को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है, लेकिन केस्को है न तो टोल फ्री नंबर पर सुनवाई हो रही है और न ही ट्विटर पर कोई जबाव दे रहा है। सनिगवां रोड स्थित चन्द्रनगरी कालोनी फेस वन, बगल में स्वर्ण जयंती विहार में कल 17.5.26 को रात में 11 बजे बिजली काटी गई जो सुवह 4.30 पर बहाल हुई। इसके बाद 18.5.26 को दिन में कई बार बिजली काटी और जैसे ही रात्रि के 11 बजे बिजली फिर काट दी गई। विधुत आपूर्ति सुवह 4.30 पर बहाल हुई लेकिन लो वोल्टेज के कारण बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं पुरुष सभी तड़प गए।

केस्को का ड्रामा चन्द्र नगरीय में दो दिन से लगातार चल रहा है। टोल फ्री नंबर पर जब सम्पर्क किया गया तो कंप्लेंट तो दर्ज हो गई।




लेकिन उसका कोई असर केस्को पर नहीं हुआ। सनिगवां रोड स्थित चन्द्रनगरी कालोनी फेस वन में केस्को का यह ड्रामा लगातार चल रहा है। विधुत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। जब यूपीपीसीएस और केस्को को ट्विटर पर टैग करके ट्वीट करके जानकारी दी जाती है तो केस्को यूपीपीसीएस की भी नहीं सुनता है। लगातार यूपीपीसीएस ट्विटर पर कह रहा है कि उपभोक्ता की समस्या का समाधान करो लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। कहने का मतलब केस्को के कान में जूं तक नहीं रेंगती है। केस्को पूरी तरह चुप्पी साध लेता है और विधुत उपभोक्ता तड़प जाते हैं।

# थाना सचेंडी में आवासीय एवं अनावासीय भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 16.05.2026 को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के अंतर्गत थाना सचेंडी में प्रस्तावित आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल महोदय द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन-अर्चन कर किया गया।

उक्त निर्माण परियोजना पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत थाना परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशासनिक भवन, कार्यालय कक्ष, पुलिस कर्मियों हेतु आवासीय भवन, पार्किंग व्यवस्था, हरित क्षेत्र एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। तैयार किए गए ले-आउट प्लान के अनुसार परिसर को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा, जिससे पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण एवं आवासीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) संकल्प शर्मा, पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर अनुभव सिंह सहित अन्य पुलिस



अधिकारी, कर्मचारीगण एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उक्त परियोजना पूर्ण होने के उपरांत थाना सचेंडी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं जनहितकारी स्वरूप प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

# पेट्रोल डीजल रसोई गैस के बढ़ते दाम व नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद में कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों तथा नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुग्गी पर गैस सिलेंडर लादकर भाजपा सरकार के विरुद्ध जोरदार विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आम जनता और छात्रों की समस्याओं को उठाया।इसके उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर उप जिलाधिकारी नैंसी सिंह के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में पेट्रोल डीजल व घरेलू गैस की कीमतों में तत्काल राहत देने, पेट्रोलियम मन्त्री हरदीप सिंह पुरी का इस्तीफा,नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग की गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर टैक्स के माध्यम से 46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जबकि तेल कंपनियों ने भी लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। ऐसे में यदि वर्तमान समय में किसी प्रकार की आर्थिक चुनौती है तो उसका बोझ सरकार और कंपनियों को उठाना चाहिए न कि आम जनता पर महंगाई थोपनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने




गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।जिला प्रवक्ता मासूम हैदर व सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई धांधली ने देश के लाखों मेहनती छात्रों और अभिभावकों का विश्वास तोड़ा है। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान व जिला सचिव आशिक अली ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लगातार मजबूती से लड़ती रहेगी।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मो. इस्तियाक, वेदांत तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, प्रशान्त सिंह प्रिंशु, सरोज कश्यप, मकरंद शुक्ला, राम शिरोमणि वर्मा, आर. पी.वर्मा, राम बहादुर पासी, हरिश्चंद्र सरोज, अनिल मौर्य, अंजलि उपाध्याय, शिवांशु भट्ट, प्रधान मुजम्मिल हुसैन, सुरेश कुमार ओम प्रकाश सरोज, सुरेश कुमार मिश्रा, चंद्रनाथ शुक्ला, यश द्विवेदी, विजय प्रताप त्रिपाठी, केके शुक्ला, भवानी शंकर दुबे, रियाज सिटी, रामरतन तिवारी, सोनी तिवारी, रामकुमार पटेल, अरबाज आलम, अबू शमा, अश्वनी उपाध्याय, अभिषेक वर्मा, उमेश तिवारी, उत्तम मिश्रा, सलमान खान, मो. इदरीशी, राजू खान, सुभाष तिवारी, रविंद्र मिश्रा, मोहम्मद कासिम, फतेह बहादुर सिंह, धर्मराज सिंह, शहजाद सलमानी, ओम प्रकाश सरोज, ऋषिकेश मिश्रा, सुनील शुक्ला, अमन तिवारी, अभय त्रिपाठी, कपिल ओझा, देवमणि पाण्डेय, नूर आलम, रामधन यादव, रवि प्रताप सिंह, सलमान खान, सुमन देवी बैद्यनाथ यादव, मुन्ना लाल यादव, उर्मिला देवी, सोनम देवी, अमन खान,अनिल शर्मा, अबरीन खान, अंजनी कुमार पाण्डेय, उपस्थित रहे।

# कानपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर पुलिस ने फर्जी मार्कशीट, डिग्री और माइग्रेशन सर्टिफिकेट तैयार कर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना किदवई नगर पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनीष उर्फ रवि एवं अर्जुन यादव के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी विभिन्न फर्जी विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के नाम पर इंटरमीडिएट से लेकर पीएचडी तक की फर्जी मार्कशीट, डिग्री, ग्रेड शीट एवं माइग्रेशन सर्टिफिकेट तैयार कर लोगों को उपलब्ध कराते थे। आरोपियों द्वारा बिना परीक्षा दिलाए डिग्री उपलब्ध कराने का भी खेल संचालित किया जा रहा था। मौके से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, नकली मोहरें, लैपटॉप एवं मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने विभिन्न राज्यों के छात्रों को निशाना बनाकर करीब 80 फर्जी माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी किए। तेलंगाना यूनिवर्सिटी समेत कई संस्थानों के नाम का दुरुपयोग



किया गया। पुलिस को जांच के दौरान करोड़ों रुपये के लेनदेन के भी महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी 'GLOBAL BOOK OF EXCELLENCE AWARD UK LONDON' के नाम पर कथित अवार्ड कार्यक्रमों के जरिए भी लोगों से ठगी करते थे तथा कई सेलिब्रिटीज को अवार्ड देने का दावा कर प्रचार-प्रसार किया जाता था। मुख्य आरोपी मनीष द्वारा पूछताछ में दुबई यात्रा करने की बात भी स्वीकार की गई है। आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट, धोखाधड़ी एवं अन्य सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। मामले की गहन जांच एसआईटी एवं क्राइम ब्रांच द्वारा की जा रही है।

# वृक्षारोपण अभियान को लेकर हुई बैठक



**सिद्धार्थनगर।** वृहद वृक्षारोपण अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग को वृक्षारोपण लक्ष्य को लेकर शोहरतगढ़ विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी चंद्र भूषण तिवारी, एडीओ पंचायत संजय पटेल तथा उपस्थित सचिव ,तकनीकी सहायक को वृक्षारोपण कार्य के विभिन्न चरण तथा गड्ढा खुदान, पौध उपलब्धता, इंडेंट जनरेशन पौध प्राप्ति पौध ढुलान, रोपण तकनीकी, सिंचाई, सुरक्षा, संवर्धन तथा जिओ टैगिंग के पहलुओं पर क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़ राजेश कुमार कुशवाहा द्वारा विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्शन अधिकारी शोहरतगढ़ निखिल श्रीवास्तव, बीट/ हरनहिया पौधशाला प्रभारी शिवानंद शुक्ला तथा वन रक्षक महेश यादव उपस्थित रहे।

# ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं- जेबी सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मान्धाता पर्वतपुर स्थित पौराणिक अवध नाथ धाम में अधिमास के पावन अवसर पर एक माह तक चलने वाले श्री हरि कीर्तन का शुभारंभ पूजा अर्चना और कलश स्थापना के साथ विधि विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस पवित्र आयोजन में पूर्व क्षेत्रीय पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी इंजीनियर जेबी सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चाटमऊ तालुक के क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भैरव बख्श सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष मान्धाता राजेन्द्र प्रताप सिंह बबऊ तथा प्रधान प्रतिनिधि बलापुर रिंकू मिश्र ने इंजीनियर जेबी सिंह जी को अंग वस्त्र एवं श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य सनातन प्रेमी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद




प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने कहा श्री हरि कीर्तन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज को नैतिकता और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। कल्याण परिषद निरंतर धर्म एवं समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है हैं कि पर्वतपुर का यह पौराणिक स्थल वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है और अधिमास में आयोजित श्री हरि कीर्तन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने अपनी मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**सिद्धार्थनगर।** तीन माह से वेतन न मिलने के कारण संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के द्वारा सोमवार को एमडी एनएचएम को संबोधित मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया द्य जिलाअध्यक्ष मनीष पांडेय ने ज्ञापन देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा समस्त संविदा कर्मियों का 3 माह से वेतन न मिलने के कारण पूरा परिवार अर्थिक संकट से जूझ रहा है यदि जल्द इसका निस्तारण नहीं किया गया तो समस्त कर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर सीएचओ संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार, डाक्टर अनुप यादव समीर सिंह, देवेन्द्र कुमार, सतीश पटेल आदि रहे।

# बेटियां, बेटों से कम नहीं, उन्हें शिक्षित करें- विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बा स्थित सेठ रामकुमार खेतान बालिका इण्टर कॉलेज में सोमवार को छात्राओं को पुरस्कार व अंक पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के हाथों से पुरस्कार व सम्मान पाकर छात्राएं काफी खुश हुई। विधायक विनय वर्मा ने कार्यकम को संबोधित करते हुये कहा कि बेटियों को शिक्षा में कोई कोताही अभिभावक व समाज के जिम्मेदार लोग न बरतें। बेटियां, बेटों से काम नहीं, उन्हें शिक्षित करें, उनकी शिक्षा से समाज मजबूत व संस्कारमय होगा। हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। कहा कि शिक्षा, अनुशासन व संस्कार के ग्रहण का सशक्त माध्यम विद्यालय है। बेहतर शिक्षण संस्थान बच्चों के भविष्य को संवारने में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। शिक्षा एक ऐसा दौलत है जिसके माध्यम से जीवन को बेहतर ढंग से संवारा जा सकता है। परिश्रम से किये गये हर कार्य में सफलता मिलती है।

अनुशासित रहकर निरंतर ईमानदारी से परिश्रम करते हुए छात्र अपने लक्ष्य को जरूर हासिल कर सकता है। विधायक पत्नी बबिता वर्मा ने छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित व संकल्पित रहने, विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन करने और माता-पिता, गुरुओं के सम्मान करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र- छात्राओं की पढ़ाई लिखाई में किसी प्रकार की आने वाली दुश्वारियां, कठिनाई में मदद के लिए तैयार हैं। विधायक ने हाईस्कूल परीक्षा 2026 में स्थान प्राप्त अवंतिका पांडेय को लैपटॉप,




मोमेंटों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कॉलेज की अन्य क़ई छात्राओं को भी पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा, रामविलास यादव, सत्यप्रकाश शुक्ल, कल्पना श्रीवास्तव, अपर्णा पांडेय, राजेश चौरसिया, वृजपति, शिवा मद्देशिया, चंदा अग्रहरि, पुष्पा गुप्ता, व अर्वतिका, अखलेश पांडेय, नूर फ़ातिमा, दुर्गावती गौड़, कनिष्का, इकरा, वंदना आदि छात्रायें उपस्थित रहीं।

# बिस्कोहर नगर पंचायत भवन में खुला आधार केंद्र, नगरवासियों को बड़ी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर नगर पंचायत कार्यालय भवन में सोमवार को आधार केंद्र खुल गया है। जिसका उद्घाटन चेयरमैन अजय गुप्ता ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि अब यहां नया आधार कार्ड बनवाने में एवं आधारकार्ड में संशोधन करवाने के लिए नगरवासी नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नया आधार कार्ड बनवाने में 17 वर्ष तक का आधार कार्ड बन सकता है और किसी को अपने नाम एवं एड्रेस बदलवाना हैं तो वह भी काम किया जायेगा। कुछ समय




के लिए आधार कार्ड बनना बन्द हो गया था। यही काम के लिए नगरवासी इटवा जाते थे।

अब उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आधारकार्ड बनना शुरू हो गया है। इस मौके पर राम नरेश पासवान, बच्चा राम पाण्डेय, पिंकू मोदनवाल, अटल प्रजापति, कन्हैया वरुण, अमन चौरसिया, राजू मौर्या, जितेन्द्र मौर्य, अभय श्री वास्तव, शिव पति उपाध्याय, मोनू गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक सलिल विश्नोई ने किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण, उर्सला में नई सड़कें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 18 मई 2026 को जनता के हित को सर्वप्रथम मानने वाले विधायक सलिल विश्नोई ने व्यापक जनहित में विधायक विकास निधि से करवाये गये निम्नलिखित विकास कार्यों का, पैर में फ्रैक्चर होते हुए भी ह्वील चेयर पर बैठकर, लोकार्पण करके जनता को समर्पित किया। मरीजों व तीमारदारों के आवागमन में सुविधा के लिए उर्सुला अस्पताल तथा उर्सुला इमरजेन्सी के भीतर बनवाई गई सी. सी. सड़कों का लोकार्पण का लोकार्पण भी किया गया। भीषण गर्मी में व्यापारियों और दुकानदारों को पेयजल की सुविधा के लिए व्यापारिक केन्द्र सागर मार्केट के पास लगवाये गये सबमर्सिबल पम्प का लोकार्पण



किया गया है। उक्त विकास कार्यों के लोकार्पण के अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ प्रकाश शर्मा (बजरंग दल), पार्षद अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (मोनू), मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, वैभव खण्डेलवाल, चन्द्रकान्त द्विवेदी, नवाब सिंह, सुनील साहू, मनीष रावत, दिलीप गुप्ता, एन. डी. तिवारी, अजीत सोनकर, दिनेश अग्रवाल, योगेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, ऋषि तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सप्ताह में एक दिन सायकिल से चले लोग-कमलेश

**रुद्रपुर, देवरिया।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, बांसगांव सांसद कमलेश पासवान सोमवार को रुद्रपुर में भाजपा कार्यकर्ता मनीष गुप्त के खजुहा स्थित आवास पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल, डीजल का मितव्ययिता पूर्वक उपयोग करें। आम लोग भी इसका पालन करें। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सप्ताह में कम से कम एक दिन सायकिल का उपयोग करें,जिससे बचत के साथ स्वास्थ्य भी ठीक रहे। उन्होंने आम जन और मीडिया कर्मियों से वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करने के साथ जन समस्याओं के संदर्भ में पूछा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ,दिलीप जायसवाल जनार्दन राव, रामसुधारे पासवान, शिवकुमार यादव, मानस गुप्त, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपालगंज में जनता दल ( यू० ) पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर और मजबूत बनाएं- प्रमोद कुमार पटेल



**गोपालगंज (बिहार )**-गोपालगंज में सत्तारूढ़ दल जनता दल यूनाइटेड पार्टी संगठन को कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूत और धारदार बनाएं गोपालगंज जिला जनता दल यूनाइटेड पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने आज बरौली विधानसभा क्षेत्र के दानापुर में जनता दल यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इबरार खाँ के साथ बैठक कर कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि बिहार में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्य सभा सांसद श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में एनडीए की सरकार मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रही है, वही एक सवाल के जवाब में जिला अध्यक्ष ने कहां की बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी समर्पित ईमानदार ,जुझारू,एठं पुराने कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाया जाएगा ! अगर दलीय आधार पर चुनाव हुआ तो पार्टी हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ायेगी वहीं श्री पटेल ने कहा कि बहुत जल्द गोपालगंज जिला में जनता दल यूनाइटेड का बूथ स्तर से लेकर पंचायत, प्रखंड, और जिला स्तर पर संगठन का विस्तार होगा और नई कमेटी का गठन होगा जिसकी सूची जारी की जाएगी ! बैठक में जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इबरार खान, एजाज आलम, मुस्ताक खान, अरमान अली, मोइनुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी, नूरुद्दीन खान, मोहम्मद खान, राजू खान, बाबूलाल साह ,छोटेलाल शाह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे !

### दिल्ली पुलिस ने जहरा गैंग के एक्टिव शूटर को गिरफ्तार किया, पिस्टल और कारतूस बरामद


**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (नॉर्दर्न रेंज) और एसटीएफ की टीम ने जहरा गैंग के एक्टिव शूटर चिराग उर्फ सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक सोफिस्टिकेटेड पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी चिराग उर्फ सचिन (22 वर्ष) सोनीपत के खरखौदा थानाक्षेत्र का रहने वाला है। वह दुबई से ऑपरेट कर रहे गैंगस्टर नवीन दबास उर्फ जोरा का एक्टिव शूटर बताया जा रहा है। 5 मई, 2026 को जोरा के निर्देश पर चिराग उर्फ सचिन, मोहित उर्फ चांद और जतिन ने झज्जर के एक मेडिकल स्टोर पर फायरिंग कर एक्सटॉर्शन की कोशिश की थी। इसके बाद जोरा ने खुद फोन पर दुकान मालिक को धमकाया था। इस मामले में झज्जर के सिटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, जानकारी के आधार पर स्पेशल सेल/नॉर्दर्न रेंज की टीम ने 12 मई को रोहिणी इलाके में छापेमारी कर चिराग उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर मंदीप और जयबीर ने किया, जबकि पूरे ऑपरेशन की निगरानी एसीपी राहुल कुमार सिंह ने की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी 10वीं तक पढ़ा है और पहले खरखौदा में एक जनरल स्टोर पर काम करता था। उसके दोस्त मोहित उर्फ चांद के माध्यम से सोशल मीडिया पर जोरा से उसका संपर्क हुआ। मोहित और जतिन को हरियाणा पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि चिराग फरार था और जोरा के संपर्क में था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के समय आरोपित के पास से एक पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अब आगे की जांच कर रही है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने विनेश फोगाट की याचिका पर WFI को जारी किया नोटिस, तत्काल राहत देने से कोर्ट का इनकार

**● दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान विनेश फोगाट की याचिका पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) को नोटिस जारी किया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहलवान विनेश फोगाट की याचिका पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विनेश फोगाट ने डब्ल्यूएफआई द्वारा उन्हें जारी किए गए शो-कॉज नोटिस और आगामी खेलों के लिए ट्रायल में अपना नाम शामिल न करने के फैसले को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तत्काल कोई राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस मामले को 6 जुलाई को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।विनेश फोगाट इस फैसले के खिलाफ अदालत पहुंची थीं। डब्ल्यूएफआई को नोटिस मिलने के बाद अब उसका जवाब आने के बाद ही मामले की आगे की कार्यवाही होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पहलवान विनेश फोगाट की याचिका पर कोई आदेश देने से पहले वह डब्ल्यूएफआई की चयन नीति का परीक्षण करेगा। 14 मई को विनेश फोगाट ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने डब्ल्यूएफआई के साथ चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया से अपना नाम बाहर किए जाने को चुनौती दी है। पिछले सप्ताह विनेश उत्तर प्रदेश के गोंडा में नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में अपनी वापसी के लिए पहुंची थीं, लेकिन डब्ल्यूएफआई ने उन्हें पहले शो-कॉज नोटिस का जवाब देने को कहा। इसके बाद निराश विनेश अदालत पहुंचीं।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विनेश फोगाट से शो-कॉज नोटिस का जवाब देने को कहा। कोर्ट ने कहा कि वह डब्ल्यूएफआई की योग्यता और ट्रायल संबंधी नियमों का अध्ययन करने के बाद ही यह फैसला लेगा कि विनेश को आगामी चयन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी जाए या नहीं। यह मामला डब्ल्यूएफआई और भारत की सबसे सफल पहलवानों में शामिल विनेश फोगाट के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव की नई कड़ी है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक के बाद रिटायरमेंट लेने के कुछ महीनों बाद ही वापसी की घोषणा की थी। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि विनेश ने फेडरेशन के संविधान और यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए जब तक वे शो-कॉज नोटिस का जवाब नहीं देतीं, उन्हें प्रतिस्पर्धा का मौका नहीं दिया जा सकता। वहीं, विनेश का पक्ष है कि इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) के अनुसार वे खेलने के योग्य हैं। इस विवाद ने कुश्ती जगत में राय बांट दी है। एक समूह ने हाईकोर्ट में दखल देते हुए कहा है कि विनेश को सीधा राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए, उन्हें भी अन्य पहलवानों की तरह क्वालीफाई प्रक्रिया से गुजरना चाहिए। वहीं ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विनेश का समर्थन किया है।

## काछारः कार्यपालक अभियंता ने बेतुकांदी और रंगीरखाल क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**● जल संसाधन विभाग का निरीक्षण अभियान, नाले की सफाई और जल निकासी सुधार पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमिः** असम के काछार/सिलचरः जल संसाधन विभाग, काछार के कार्यपालक अभियंता ने बेतुकांदी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने रंगीरखाल क्षेत्र, जो सनलाइट अस्पताल के निकट स्थित है, में नाले की सफाई कार्य की भी समीक्षा की। ठुनिरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यपालक अभियंता ने स्पष्ट किया कि जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए कार्य को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने भी नाले की सफाई एवं विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों ने कहा कि यह समस्या हर वर्ष उत्पन्न होती है, इसलिए सरकार और प्रशासन को इस पर और अधिक गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों ने आशा जताई कि इस बार किए जा रहे प्रयासों से स्थिति में सुधार आएगा और भविष्य में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम होगी। साथ ही, लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना भी की।

## ग्लोबल धमाके को तैयार रामचरण की 'पेद्दी', भारत के साथ ही जापान में भी होगी रिलीज

**● राम चरण की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पेद्दी' अब सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि जापान में भी एक साथ रिलीज होने जा रही है. फिल्म के ग्लोबल रिलीज प्लान और दमदार स्टारकास्ट ने फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ा दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




साउथ सुपरस्टार राम चरण की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पेद्दी' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है. फिल्म का हर अपडेट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और अब मेकर्स ने ऐसा ऐलान कर दिया है, जिसने इस क्रेज को और भी बढ़ा दिया है. दरअसल, 'पेद्दी' अब सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि जापान में भी उसी दिन रिलीज होगी, जिस दिन ये भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देगी. किसी तेलुगु फिल्म का इस तरह इंटरनेशनल लेवल पर एक साथ रिलीज होना अपने आप में बेहद खास माना जा रहा है। राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' को लेकर पहले से ही काफी बड़ा माहौल बना हुआ है. फिल्म ऋऋऋके बाद राम चरण की ग्लोबल फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ है और जापान में भी उनकी पॉपुलैरिटी लगातार बढ़ती जा रही है. ऐसे में मेकर्स ने इस मौके का फायदा उठाते हुए 'पेद्दी' को जापानी दर्शकों तक भी उसी वक्त पहुंचाने का फैसला किया है. माना जा रहा है कि फिल्म का स्पोर्ट्स ड्रामा और दमदार एक्शन इंटरनेशनल ऑडियंस को भी काफी पसंद आ सकता है।

**ट्रेलर हो गया रिलीज**

'पेद्दी' को डायरेक्टर बुची बाबू सना ने बनाया है, जबकि फिल्म में राम चरण के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर नजर आने वाली हैं. इसके अलावा फिल्म में शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, बोमन ईरानी जैसे दमदार कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो कि काफी कमाल का लग रहा है. फिल्म 4 जून 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और अब जापान रिलीज की खबर ने फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है।

**जापान रिलीज है खास**

फिल्म के म्यूजिक की बात करें, तो उसे ऑस्कर विनर एआर रहमान ने तैयार किया है, जिसकी वजह से इसके गानों को लेकर भी अलग ही बज बना हुआ है। हाल ही में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च और एडवांस बुकिंग को लेकर भी कई रिपोर्ट्स सामने आई, जिनमें बताया गया कि नॉर्थ अमेरिका में फिल्म की प्री-सेल्स शानदार रही हैं. वहीं हिंदी मार्केट में भी इसे 1000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है. इससे साफ है कि मेकर्स 'पेद्दी' को एक पैन इंडिया ही नहीं, बल्कि ग्लोबल लेवल की फिल्म बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते।

## AAP नेता दीपक सिंगला को आज ही कोर्ट में पेश करेगी ईडी, 100 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में किया गिरफ्तार



**दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने 100 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज सोमवार को आम आदमी पार्टी ( AAP) के नेता दीपक सिंगला के ठिकानों पर छापामारी की। इस कार्रवाई के बाद ईडी की टीम ने आप नेता दीपक सिंगला को गिरफ्तार भी कर लिया। अब खबर है कि टीम आज ही दीपक सिंगला को दिल्ली की स्थानीय कोर्ट में पेश करेगी।

**दीपक सिंगला को लेकर चंडीगढ़ लेकर जाएगी ईडी**

इसके बाद ईडी की टीम आरोपी दीपक सिंगला को ट्रांजिट रिमांड लेकर फिर चंडीगढ़ जाएगी। जहां मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित ईडी की विशेष कोर्ट में दीपर सिंगला को पेश किया जाएगा।

**दिल्ली-गोवा समेत कई ठिकानों पर हुई छापामारी**

बता दें कि ईडी की टीम ने आज आप नेता दीपक सिंगला के दिल्ली और गोवा समेत कई ठिकानों पर छापामारी की। रेड की कार्रवाई के दौरान टीम ने किसी को भी घर से अंदर या बाहर नहीं जाने दिया।

## अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच पाकिस्तान ने सऊदी में JF-17 और हजारों सैनिक किए तैनात



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** पाकिस्तान ने एक आपसी रक्षा समझौते के तहत सऊदी अरब में 8,000 सैनिक, लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन और डिफेंस सिस्टम को तैनात किया है। पाकिस्तान रियाद के साथ अपने सैन्य सहयोग को और बढ़ा रहा है, जबकि दूसरी ओर वह ईरान युद्ध में मुख्य मध्यस्थ की भूमिका भी निभा रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस तैनाती की पूरी जानकारी, जो कि पहली बार सामने आई है, इसकी पुष्टि तीन सुरक्षा अधिकारियों और दो सरकारी सूत्रों ने की है। इन सभी ने इसे एक महत्वपूर्ण और युद्ध-सक्षम बल बताया है, जिसका उद्देश्य सऊदी अरब की सेना को तब सहायता देना है, जब उस पर कोई और हमला होता है।

**सऊदी अरब में तैनात पाकिस्तानी सेना**

पाकिस्तान की सेना, विदेश मंत्रालय और सऊदी अरब के सरकारी मीडिया कार्यालय ने इस तैनाती पर कोई जवाब नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने करीब 16 विमानों का एक पूरा स्क्वाड्रन तैनात किया है, जिनमें से ज्यादातर JF-17 लड़ाकू विमान हैं जिन्हें चीन के साथ मिलकर बनाया गया है।

इन लड़ाकू विमानों को अप्रैल की शुरुआत में सऊदी अरब भेजा गया था। दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने ड्रोन के दो स्क्वाड्रन भी भेजे हैं। सभी पांचों सूत्रों ने कहा कि इस तैनाती में लगभग 8,000 सैनिक शामिल हैं और जरूरत पड़ने पर और सैनिक भेजने का वादा भी किया गया है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पिछले साल 2025 में एक समझौता हुआ था, जिसके तहत किसी भी हमले की स्थिति में दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए आगे आएंगे। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहले भी इस बात का संकेत दिया था कि इस समझौते के तहत सऊदी अरब पाकिस्तान की 'परमाणु सुरक्षा छतरी' के दायरे में आ जाता है।

## BSc के लास्ट सेमेस्टर के आखिरी एग्जाम से पहले छात्र की मौत, घर से टहलने निकला था रोहित



**दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में किशनगढ़ थाना क्षेत्र स्थित अरुणा आसफ अली रोड पर रविवार दर्दनाक हादसा हुआ। किशनगढ़ गांव की ओर होर्डिंग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बीएससी छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित के रूप में हुई है। पिता राधे के मुताबिक, रविवार रात तकरीबन आठ बजे वह संजय वन पार्क से टहल कर वापस घर लौट रहा था। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। किशनगढ़ थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पिता के मुताबिक, उसके अंतिम वर्ष का आखिरी पेपर एक जून को होने वाला था, पर उससे पहले ही यह हादसा हो गया।

## पंजाब किंग्स के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल; आखिरी मैच में जीत जरूरी

**● दूसरी टीमों के नतीजे भी बिगाड़ सकते खेल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** आईपीएल-2026 में शानदार शुरुआत करने वाली पंजाब किंग्स की टीम अब प्लेऑफ की दौड़ में बेहद मुश्किल स्थिति में पहुंच गई है। सीजन के शुरुआती मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन करते पंजाब ने लगातार छह जीत दर्ज की थी। इसके बाद टीम के प्रदर्शन में ऐसी गिरावट आई कि उन्होंने लगातार छह मुकाबले गवां दिए। रविवार को आरसीबी ने भी पंजाब किंग्स को 23 रनों से मात दे दी। अब स्थिति यह है कि पंजाब को न सिर्फ अपना आखिरी लीग मैच जीतना होगा, बल्कि दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। पंजाब का अंतिम मुकाबला 23 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेला जाना है। इस मैच में जीत टीम के लिए किसी भी हालत में जरूरी होगी। हार की स्थिति में पंजाब का सफर लीग चरण में ही समाप्त हो सकता है। अब पंजाब किंग्स को राजस्थान रॉयल्स, केकेआर, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मैचों पर भी नजर रखनी होगी।

**गेंदबाजी और फील्डिंग बनी चिंता**

टीम की सबसे बड़ी चिंता लगातार कमजोर होती बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी रही है। शुरुआती मैचों में जिस आक्रामक अंदाज ने पंजाब को जीत दिलाई, वही प्रदर्शन पिछले मुकाबलों में नजर नहीं आया। टीम की फील्डिंग भी काफी खराब रही है। पंजाब के खिलाड़ियों ने कई आसान कैच भी छोड़े हैं।

**प्लेऑफ के आखिरी दो मैच न्यू चंडीगढ़ में**

आईपीएल के प्लेआफ के आखिरी दो मुकाबले न्यू चंडीगढ़ में खेले जाने हैं। ऐसे में पंजाब किंग्स के सामने अपने घरेलू दर्शकों के बीच खेलने का सुनहरा मौका है, लेकिन इसके लिए टीम को पहले लीग चरण की अंतिम बाधा पार करनी होगी। अब सबकी नजर 23 मई के मुकाबले और अन्य टीमों के परिणामों पर टिकी हुई है। पंजाब किंग्स के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा बन चुका है।

## द्वारका में दो लड़कियों के शेयरिंग फ्लैट में पुरुष मेहमानों को लेकर विवाद, एक ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** राजधानी में रूम शेयर करके रहने वालों को यह खबर पढ़नी चाहिये। दो लड़कियां पहले हंसी-खुशी से एक फ्लैट किराये पर लेती हैं। उसके बाद खाने-पीने को लेकर बहस होने लगती है। जब मेहमानों का आना-जाना शुरू होता है तो विवाद थाने तक पहुंच जाता है। अब दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक,दिल्ली पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। महिला ने अपने रूममेट के पुरुष मेहमानों और रिश्तेदारों पर उसे धमकाने, उत्पीड़न करने और डराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाएं फरवरी से दिल्ली के द्वारका इलाके में एक एक-बेडरूम वाले किराए के फ्लैट को साझा कर रही थीं। विवाद तब शुरू हुआ जब रूममेट के परिवार के सदस्य साझा कमरे में आने लगे, जिसका शिकायतकर्ता महिला ने विरोध किया। इससे दोनों पक्षों के बीच बहस होने लगी। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'दोनों तरफ से कोई शारीरिक मारपीट नहीं हुई है। उचित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच चल रही है।' शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया कि हाल ही में उसकी रूममेट ने चार पुरुष मेहमानों को कमरे में बुलाया और उन्हें अपना कजिन बताया। उस समय रूममेट की ननद भी कमरे में मौजूद थी। महिला ने कहा कि उसे महिला मेहमानों के आने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उसने पहले ही पुरुष मेहमानों के आने पर अपनी नाराजगी जताई थी। उसने आरोप लगाया कि उनमें से एक पुरुष जबरदस्ती कमरे में घुसा और फिर उसके साथ बदतमीजी की। साथ ही मेहमानों ने उसे धमकाया, जिससे डरकर उसे कमरे से भागना पड़ा। पुलिस के अनुसार, इससे पहले दोनों महिलाओं के बीच खाने-पानी को लेकर भी कई बार बहस हो चुकी थी।

## दिल्ली में डीएम ऑफिस के पास नगर निगम के स्वीपिंग ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में डीएम ऑफिस के पास नगर निगम की स्वीपिंग ट्रक में आग लग गई। वाहन में आग लगने से वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि फायर टेंडर मौके पर नहीं पहुंचा। एमसीडी के सिंचाई वाहन ने पानी डालकर आग पर काबू पाया।

## शिवराज मोटेगांवकर के पास परीक्षा से 10 दिन पहले पहुंच गया था NEET UG 2026 का पेपर

**● दिल्ली की सीबीआई अदालत ने NEET-UG 2026 पेपर लीक मामले में रेणुकाई करियर सेंटर के फाउंडर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को 9 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष सीबीआई अदालत ने सोमवार को NEET-UG 2026 पेपर लीक मामले में रेणुकाई करियर सेंटर के फाउंडर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को 9 दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय गुप्ता ने सीबीआई की 10 दिन के रिमांड की मांग पर आरोपी को 9 दिन की कस्टोडियल पूछताछ की अनुमति दी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि मोटेगांवकर को रविवार शाम लातूर से गिरफ्तार किया गया था। उसकी तलाशी के दौरान 3 मई को हुए परीक्षा के लीक हुए प्रश्न पत्र की कॉपी उनके पर्सनल मोबाइल फोन से बरामद हुई है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि मोटेगांवकर एक संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य था, जिसने NEET-UG पेपर लीक करने और उसे फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीबीआई के अनुसार, 'उसके कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्रश्न पत्र और उत्तरों का बड़े पैमाने पर प्रसार किया गया।' सीबीआई ने कहा कि आरोपी को 23 अप्रैल को ही परीक्षा से करीब 10 दिन पहले लीक हुआ प्रश्न पत्र और उत्तर प्राप्त हो गए थे। उसने कई लोगों को लीक पेपर की हैंडरिटन नोट्स दीं, जिन्हें परीक्षा के बाद नष्ट कर दिया गया था।

**पीवी कुलकर्णी से तलाश रहे रिश्ता**

एजेंसी इस बात की भी जांच कर रही है कि मोटेगांवकर का किंगपिन प्रह्लाद विठ्ठलराव कुलकर्णी से क्या संबंध था। सीबीआई ने इससे पहले केमिस्ट्री लेक्चरर पीवी कुलकर्णी और बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मंढारे को गिरफ्तार किया था। दोनों एक महिला मनीषा वाघमारे के जरिए एक-दूसरे को जानते थे, जो फिलहाल सीबीआई हिरासत में है।

**सीबीआई खंगाल रही पूरा नेटवर्क**

आरोप है कि इन दोनों लेक्चरर्स ने वाघमारे की मदद से NEET के छात्रों को परीक्षा से पहले स्पेशल सेशन्स के लिए जोड़ा था। मोटेगांवकर के वकील ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल को हिरासत में भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे 1999 से पढ़ा रहे हैं और सभी संबंधित सामग्री जब्त कर ली गई है। सीबीआई अब आरोपी से उसके नेटवर्क, अन्य लोगों के साथ संबंध और पेपर लीक की पूरी चेन की जांच कर रही है।

## कैंसर रिसर्च में दिल्ली विश्वविद्यालय रचेगा नया इतिहास, जूलॉजी विभाग में स्थापित होगी विश्वस्तरीय 3D इमेजिंग फैसिलिटी

**● दिल्ली विश्वविद्यालय का जूलॉजी विभाग अत्याधुनिक हाई-कंटेंट ऑटोमेटेड कन्फोकल इमेजिंग सिस्टम स्थापित कर कैंसर अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनेगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** डीयू का जूलाजी विभाग कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। विभाग की मालिक्यूलर आन्कोलाजी लैब में जल्द ही एक अत्याधुनिक मशीन लगाई जाएगी, जिसकी मदद से वैज्ञानिक कैंसर कोशिकाओं को बहुत बारीकी से देख और समझ सकेंगे। इससे यह जानने में मदद मिलेगी कि कैंसर कैसे बढ़ता है और कौन-सी दवाएं उस पर बेहतर असर करती हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, लैब में हाई-कंटेंट आटोमेटेड कन्फोकल इमेजिंग, स्क्रीनिंग एंड एनालिसिस सिस्टम स्थापित किया जाएगा। सरल शब्दों में समझें तो यह एक ऐसी उन्नत मशीन है, जो कोशिकाओं की तस्वीरें लेकर उनका स्वत विश्लेषण करती है। इससे शोधकर्ताओं को कम समय में बड़ी संख्या में कोशिकाओं का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।

**एआइ की मदद से होगा तेज और सटीक विश्लेषण**

इस प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग होगा। इनकी मदद से कंप्यूटर खुद यह पहचान सकेगा कि कोशिकाओं में क्या बदलाव हो रहे हैं। इससे वैज्ञानिक यह समझ पाएंगे कि किसी दवा का कैंसर कोशिकाओं पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। यह मशीन 2डी और 3डी सेल कल्चर दोनों पर काम करेगी। 3डी सेल कल्चर में कोशिकाएं उसी तरह विकसित होती हैं, जैसे वे शरीर के अंदर होती हैं। इसलिए इस तकनीक से मिलने वाले नतीजे अधिक सटीक माने जाते हैं।

**एक पेटाबाइट स्टोरेज और हाईटेक वर्कस्टेशन**

इस सिस्टम से बहुत बड़ी मात्रा में डेटा तैयार होगा। इसे सुरक्षित रखने के लिए कम से कम एक पेटाबाइट (1 पीबी) स्टोरेज की व्यवस्था की जाएगी। यह इतनी बड़ी क्षमता है कि इसमें लाखों उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें सुरक्षित रखी जा सकती हैं। इसके साथ दो शक्तिशाली कंप्यूटर वर्कस्टेशन भी लगाए जाएंगे।




**ट्यूमर कोशिकाओं के अध्ययन के लिए अलग सुविधा**

परियोजना के तहत 3डी ट्यूमर स्फेरोइड्स के अध्ययन के लिए विशेष सुविधा विकसित की जाएगी। इसमें हाइपोक्सिया इन्क्यूबेटर, बायोसेफ्टी कैबिनेट, -80 डिग्री सेल्सियस फ्रीजर और आधुनिक माइक्रोस्कोप जैसी सुविधाएं होंगी। इस परियोजना का नेतृत्व प्रो. आलोक चंद्र भारती कर रहे है। उन्होंने बताया कि योजना एम्स और जीटीबी अस्पताल के डाक्टर के साथ मिलकर की जा रही है। यह प्रोजेक्ट तीन साल का होगा। इस मशीन के आने से गले और मुंह के कैंसर की जल्दी जांच कर सकेंगे ।

यह योजना इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) के फंड से की जा रही है। विश्वविद्यालय ने उपकरण उपलब्ध कराने वाली कंपनियों से 20 मई 2026 तक आवेदन मांगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुविधा शुरू होने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय कैंसर अनुसंधान और बायोमेडिकल रिसर्च के क्षेत्र में देश के प्रमुख संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।